The House re-assembled after lunch at thirty minutes past two of the clock, MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

SHORT DURATION DISCUSSION

Import of wheat and agrarian distress

SHRI TAPAN KUMAR SEN (West Bengal): Mr. Deputy Chairman, Sir, I would like to initiate the discussion on the issue of agrarian distress and also wheat import. I would like to state that our agrarian population in the country and agriculture have already been in the midst of severe distress. And, the import of wheat currently undertaken by the Government and the whole approach behind such import drive is going to multiply that distress further. Agriculture and our rural economy are in the midst of a severe distress and that is quite visible from all indicators, and the crisis is not just a recent phenomenon. In fact, in reality, the crisis has been a terminal one since one and a half decade with little prospect of improvement given the policy framework pursued by successive Governments on the agricultural economy.

In fact, the agricultural growth rates have been dwindling since the last one and a half decade with occasional upward spurt, which is more a low denominator effect than a real upswing. Last three years, as per the Economic Survey ending 2004-05, the index of agricultural production and the foodgrains production have really dipped and this is an absolute decline.

Agricultural growth has been a mere 0.7 per cent in 2004-05. On the whole, the average annual growth rate of value-added agriculture has declined sharply from 4.7 per cent in the Eighth Plan to a mere 2.1 per cent in the Ninth Plan, and for the Tenth Plan, the target is kept at 4 per cent, which also, given the present indicators, has become very difficult to achieve. Investment in agriculture, as a percentage of GDP, has declined consistently from 2.2 per cent in 1999-2000 to merely 1.7 per cent in 2004-05. This sharp decline in the investment, as a percentage of GDP, reflects unconcerned approach of successive Governments of the Centre to this tragic situation in our rural economy. The impact on the people is naturally bound to be worse, particularly those working in agriculture.

The single revealing indicator is a sharp reduction in the per capita food availability which has reached a low level, which happened just after the time we got our Independence--around hardly 150 Kgs. per head. Some of the developmental economists of a particular ideology sometimes, project

this declining in the per capita food availability as an indicator of development in a most ridiculous manner. I think, there can be no more cruel joke to the people committing suicide out of starvation because of crisis in the rural economy. Yes, Sir, the suicides now have become a single revealing indicator of all other indicators of the state of our rural people and, particularly, agriculture.

As per the official estimate, during 2001-06, 8,900 people committed suicide and as per the real estimate, I think, since 1997 onwards, more than 25,000 committed suicide and suicide is not only restricted to the four States. Even the most agriculturally rich Punjab has also started being affected by this serious phenomenon of suicides.

How to address this problem? But, again, the most alarming point is that those who will be addressing, those who are in the seats of Government, are taking a different stand. I would like to cite a report of the Government of Karnataka on the districts analysing the reasons of the farmers' suicide in five districts of that State and that report titled 'Farmer Suicide - A Scientific Analysis' concluded that suicides are more for a psychological reason than an economic one. The same report has also published a sample survey of 105 cases of suicides and out of that 93 persons were several indebted for the loans taken mostly from the private moneylenders. But still the suicides are projected as a psychological case and not an economic one. I think this reflects the bent of mind; this reflects the policy approach, a reluctance to change the present policies approach, which is at the root of the present agrarian distress. This recent import is also an indication that still so many suicides are yet to sensitise the persons in authority to take a serious remedial step to address the most distressing problem of the major part of our populace. Sir, Instead of going into the statistics, I would particularly like to point out, on the agrarian situation, the basic issues are required to be addressed. The problem lies in the policy and the kind of land holding pattern in our country at this moment again signals a trend. The more and more the concentration of land in fewer hands more and more people are losing lands. And about 60 per cent of the cultivable land in our country is in the hands of hardly 15 per cent of the farm households, totally a different pattern that is pauperising rural population in a big way. The entire crisis of the agriculture is being passed on to the landless agriculturists particularly small and medium farmers making the situation grave and again increasing the spate of suicides. Then there are questions on the policy regarding agricultural

trade, the policy regarding agricultural inputs and regular increase in the cost of agricultural inputs. In the name of liberalisation our agricultural market is thrown open to the imports. All these are simultaneously compounding the problem. Our agricultural production cost is increasing. The price is collapsing because of the opening up of our economy and in between again by these policies middlemen, in the name of private traders, between the consumers and the producers became dominant who are affecting both the consumers, they have to pay high prices, and the producers who are not getting the benefit of that higher price. This kind of a peculiar situation is created where only a handful of people, very negligible minority of the entire populace are being benefited and both the consumers and producers are affected. I think, Sir, we should look into the present aspect of wheat import in this context. The wheat import that has been undertaken after six years is preceded by a consistent four years of export of wheat, export of wheat at a price sometimes below the BPL price which was available to our BPL families. In 2002-03 and 2003-04, we consistently exported. When we export we get low price even sometimes below what even our below poverty level people are paying through the Public Distribution System. The stocks of wheat are gradually dwindling down. That reflects the Government's policy to drastically slash down the agricultural subsidy and also gradually shying away from procurement with a reasonable remunerative price to the producers. All these are reflected. The subsidy reduction may be a compulsion to the Government because of the international pressure. But this is taking place and this is adding to the distress of the country. In this background when the import of wheat is being decided, stated to be for addressing the severe rise in the market price. The objective looks laudable. But in reality it is altogether different. When this import is reaching our country in April, when the fresh wheat comes to the market, supplies are plenty, who is going to benefit out of that? We are importing at a price and we are offering a Minimum Support Price with bonus to our farmers, there is a big difference in it. Who gains out of it? The country loses by paying a higher price. The producer loses because he gets a price, by which he cannot manage even his cost of production. In our agriculture economy, a serious situation is created in different parts of the country. The peasants sometimes are feeling that let land remain as it is, what is the fun of cultivation, paying money from our own pocket? This kind of a serious distortion is taking place in our agrarian economy and it is in this context that wheat import has to be looked into. I would like to draw the attention of the House, through you, Sir, that when

we say the wheat import has been resorted to manage the crisis on account of rising prices in the market. But, unfortunately, the US Agricultural Department Report says that in the coming years the wheat import to India is going to be around one million tonnes. We have already imported five lakh tonnes right now. It is yet to be one million tonnes. But in November 2005, the report of the US Agricultural Department, an official report, they projected in advance that India is going to import one million tonnes of Wheat. What does this indicate? We are facing so many multi-lateral agencies. We are facing so much pressure to open our economy. If somebody concludes that this exercise is a part of the overall negotiations and pressure and counter-pressure being put on our country from those multi-lateral bodies and if somebody concludes that this import exercise is a part of offering pleasantry to the big power that be and for the sake of friendship with whom we are very much concerned, would that be very wrong? This is part of that. I think, the procedure, the manner in which this whole wheat import is taking place is not in the interest of our country. It is not in the interest of the producer. I think, instead of going on that path we will request the Government to sincerely reconsider. I think, the distortion that is taking place in the Indian economy is to be addressed by radical land reforms and change in the land holding pattern in the country by active initiative of the Government, the improvement of the loan facilities with low rate of interest and other measures. It is unfortunate, Sir, the big corporate houses are still managing to get loan from the public sector financial institutions, at around 6 to 7 per cent interest they can negotiate the loan. But, the country's farmers are getting loan sometimes by paying 12 per cent, 13 per cent, 14 per cent and the same fate is also there for the small and medium scale producers. Those who need the most, are deprived the most. If this anomalous economic policy to favour a few and deprive the most is there which I feel is the basic lifeline of this new liberal policy paradigm. If that is not addressed, that is not reversed, I think, if agricultural economy is allowed to remain in such a terminal distress, if suicides are allowed to continue, I do not think the urban economy can be insulated from its disastrous impact and it will affect the country's economy, as a whole. So, when India and we all are dreaming to emerge as a very big power in the days to come, if we continue to pursue the same policy, same distortions, sometimes because of the internal ideological problem and sometimes because of the international pressure, if you continue to pursue the same policy, I do not think, our dream will come true. I think, for that approach that thing should be looked into and a serious exercise is required

to reverse many of our policy exercises which are now being experimented on the Indian economy, putting the whole people, the majority of the people in dire distress. Thank you.

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति जी, सदन में गेहूं के आयात और किसानों की परेशानी के संबंध में जो चर्चा चल रही है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण चर्चा है। भारत कृषि प्रधान देश है और इससे यह अपेक्षा की जा रही थी कि गांव गरीब और किसान को लेकर प्राथमिकता के आधार पर एक ऐसी योजना बनाई जाती और उसको क्रियान्वित किया जाता, जिसके कारण आज हमारा किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर नहीं होता। वह भी खुशहाली का अनुभव करता, वह भी स्वतंत्रता पूर्वक अपना जीवन यापन करने की व्यवस्था में स्वच्छंद रहता, लेकिन हमारा दुर्भाग्य है कि आजादी के इतने वर्ष बाद भी उसकी हालत बड़ी दयनीय हो गई है। अगर हम देखें तो कृषि को हम मोटे तौर पर दो भागों में विभाजित कर सकते हैं। पहला तो जिनके पास सर्वाधिक भूमि है, ऐसे बड़े किसान को हम उसमें रख सकते हैं और दूसरा इसमें वे किसान आते हैं जो लघु सीमांत किसान हैं। इसके साथ ही एक तीसरा भूमिहीन किसान भी इसमें आता है और चौथी श्रेणी में मजदूर किसान आता है। यह असंगठित मजदूर किसान अब संगठित है। इस प्रकार इनको चार श्रेणियों में विभाजित कर सकते हैं। आज तक जितनी योजनाएं बनीं, उनसे ज्यादातर बड़े किसान ही लाभांवित हुए हैं या मध्यम वर्गीय किसान लाभान्वित हुए हैं। जो भूमिहीन किसान हैं, जो मजदूर किसान हैं, वे बड़े प्रताड़ित हुए हैं और आज भी उनकी बड़ी दुर्दशा है। ऐसे ही लोगों में से लोग आत्महत्या करने के लिए मजबूर होते हैं क्योंकि उनके पास उतना अधिक उत्पादन नहीं होता है, जिसके कारण वे अपने लिए खाने की व्यवस्था कर सकें। मजबूरी के कारण कभी-कभी ऐसी स्थिति निर्मित हो जाती है। अभी हाल ही में मुरादाबाद जिले में एक घटना घटित हुई, जिसके बारे में आपने समाचार पत्रों में पढ़ा होगा कि एक किसान ने गेहूं प्राप्त करने के लिए, दो क्विंटल में अपनी पत्नी को बेच दिया। उसके पास पैसे नहीं थे। उसके पास खाने की कोई व्यवस्था नहीं थी और वह गांव का एक मजदूर था, उसे मजबूरी के कारण अपनी पत्नी को बेचना पड़ा। ऐसे हालात निर्मित हो रहे हैं कि लोग मजबूर होकर आत्महत्या कर रहे हैं। यह भूमिहीन किसानों की दुर्दशा है और सीमांत किसानों की भी बड़ी विचित्र स्थिति है। मान्यवर, ये लोग दो प्रकार से कर्जा लेते हैं। एक तो जो गांव का साहूकार है उससे कर्जा लेते हैं और उस साहूकार से कर्जा लेने के बाद उनकी क्या दुर्दशा होती है इसकी कल्पना ही दुखदायी है। मूलधन से ज्यादा ब्याज हो जाता है। इससे उन लोगों की हालत बड़ी खराब रहती है। वे उस कर्ज में दब जाते हैं और इस कारण भी आत्महत्याएं होती हैं। इतना ही नहीं बैंकों से भी जो कर्जे दिए जा रहे हैं और ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में जो बैंकों से कर्जा सहकारी बैंक से सरकार ने घोषणा की है कि ब्याज की दर कम कर दी है, 9% से घटाकर 7 फीसदी कर दिया है, सहकारी बैंक पर आयकर लगा दिया गया है और उससे भी वह बेचारा त्राहि-त्राहि कर रहा है और किसानों पर कर्जे का ज्यादा भार होने के कारण इनकी ज्यादा आत्महत्याएं हो रही है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण ने अपनी रिपोर्ट दी है, वह मेरे पास है। उसके अनुसार 48 फीसदी किसान कर्जे से दबे हैं। इसके अनुसार आंध्र में 82 फीसदी हैं। यह 82 फीसदी आंकड़ा केवल आंध्र प्रदेश का है, तमिलनाडु का 74.5 फीसदी है, पंजाब का 65.4 फीसदी है और मध्य प्रदेश का 50 फीसदी है। इनके अलावा ऐसे और प्रदेश भी होंगे। इनको देखने के बाद लगता है कि वे कर्जे की मार से बड़े प्रताड़ित हुए है। मैंने यह इस सर्वेक्षण की पूरी रिपोर्ट बताई है। माननीय कृषि मंत्री जी इसके बारे में बताएंगे, लेकिन हमने आंकड़े

नमूने के आधार पर रखने की कोशिश की है और वे आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। मैंने माननीय कृषि मंत्री जी से एक सवाल पूछा था और उन्होंने उसका उत्तर दिया था। हमने एक सवाल पूछा था कि वर्ष 2005-06 के दौरान देश में किसानों द्वारा की गई आत्महत्याओं का ब्योरा क्या है? इसके उत्तर में उन्होंने बताया कि वर्ष 2004-05 में 1,068 आत्महत्याएं केवल आंध्र प्रदेश में हुईं, कर्नाटक में 124 आत्महत्याएं हुईं, महाराष्ट्र में 142 आत्महत्याएं हुईं, पंजाब में उन्होंने बताया कि कोई आत्महत्या की घटना नहीं हुई, जब कि पंजाब में भी आत्महत्याएं हुई हैं, केरल में 21 आत्महत्याएं हुई हैं, उड़ीसा में 5 आत्महत्याएं हुई हैं, गुजरात में एक आत्महत्या हुई है। संभावना यह है कि जहां से मंत्री महोदय आंकड़े इकट्ठा करते होंगे और जिस माध्यम से लेते होंगे, वह माध्यम उतने आंकड़े दे सकने में समर्थ नहीं हो पाया होगा, लेकिन ये आंकड़े ज्यादा हैं, क्योंकि आत्महत्या की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। अभी एक घटना गाजियाबाद में हुई है, मैं एक सप्ताह पहले की बात बता रहा हूं। एक किसान की जमीन ले ली गई, वहां के प्रशासन के द्वारा उसको अधिकृत कर दिया गया और किसान को केवल 75 रुपए मीटर के हिसाब से मुआवज़ा दिया गया, जब कि वहां 5,000 रुपए मीटर बाजार में बेचा जा रहा है। जब उसकी जमीन ले ली गई, तो उसको इतना shock लगा कि वह वहीं मर गया। वहां काफी किसान इकट्ठा थे, उसे हार्ट अटैक हुआ और वह मर गया। किसान अपनी जमीन दे रहे हैं, इतनी अच्छी जमीन दे रहे हैं, हमें ज्यादा पैसे मिल सकते हैं, लेकिन चूंकि हम गरीब हैं, इसलिए उपयुक्त पैसे नहीं मिल रहे हैं, इस वजह से वह मर गया। अगर मरता नहीं, तो आत्महत्या कर लेता, क्योंकि उसको कर्ज़ पूरे करने हैं।

मान्यवर, किसान तबाह हो रहा है, क्योंकि हालत बड़ी खराब है। यह ठीक है कि NDA के ज़माने में गांव को और इस प्रकार के किसानों को केन्द्र मानकर, उसके अनुरूप कुछ व्यवस्था करने की कोशिश की थी। इसलिए चाहे कृषि आय बीमा हो, चाहे फसल बीमा हो, उसको हमने क्रियान्वित करने की कोशिश की थी। यह भी कोशिश की थी कि चूंकि किसान-मजदूर असंगठित हैं, ऐसे अंसगठित मजदूरों को हम कैसे राहत प्रदान कर सकें, इसके लिए उनका भी बीमा किया गया था, ताकि लोगों को यह अहसास हो सके कि सरकार है जो उनकी चिंता कर रही है। आज उस प्रकार की चिंता नहीं हो पा रही है...**(व्यवधान)**...

उपसभापति जी, मेरा कहना यह है कि हम समस्याओं के वर्णन में नहीं जाना चाहते हैं, हम केवल यह कहना चाहते हैं कि सरकार की नीयत क्या है, हम किसको प्राथमिकता देते हैं, प्राथमिकताएं क्या हैं? प्राथमिकता, गांव का गरीब किसान है, जो देश में 75 फीसदी के लगभग है। गरीब तो गांवों में भी रहता है, शहरों में भी रहता है। अगर हमारी प्राथमिकता गांव, गरीब, किसान है, तो उसके अनुरूप नियोजन करेंगे और उस नियोजन के आधार पर हम उसकी चिंता करेंगे। हम यह नहीं कहते कि NDA ने सबके लिए समाधान प्रदान कर दिया था लेकिन NDA ने उस दिशा में जबर्दस्त कदम बढ़ाया था और सबको एक मैसेज देने की कोशिश की थी कि हम कुछ कर सकते हैं, इसलिए ऐसा करने की कोशिश की थी।

उपसभापति जी, इस समय यह स्थिति हो गई है कि गेहूं का दाम बढ़ रहा है, आटे का दाम बढ़ रहा है, खाद्यान्न महंगा हो गया है। और लोगों को उसे खरीदने में कठिनाई हो रही हैं। अभी मैं कहीं पढ़ रहा था कि वर्ष 2005 के मई-जून के महीने में जब गेहूं के दाम में तेजी आई, तो मंत्री जी ने एक व्यवस्था इस प्रकार की बनाई कि उसके मूल्य को रोका जा सके और बढ़े दाम को रोकने की कोशिश उन्होंने बड़े अच्छे बिंदु देकर की। उन्होंने कहा कि दैनिक

3.00 P.M.

अन्वीक्षण करेंगे, रोज उसकी देखभाल करेंगे कि कैसा हो रहा है, क्या गड़बड़ हो रही है, ताकि उसे ठीक किया जा सके। TPDS तथा अन्य कल्याण योजनाओं के अंतर्गत गेहूं की यथेष्ट मात्रा जारी करेंगे, ताकि महंगाई न बढ़ सके। तीसरा उन्होंने कहा कि खुली बाजार बिक्री योजना के माध्यम से घरेलू आपूर्ति में अभिवृद्धि करेंगे। चौथा उन्होंने कहा कि देश के सभी भागों में पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करेंगे। इसलिए सरकार ने यह भी कहा कि एहतियाती तौर पर हम 5 लाख टन गेहूं आयात भी करेंगे। अब आयात करने की बात कह दी गई। इस माध्यम से हो सकता है कि नियंत्रण करने की दिशा में माननीय मंत्री जी की तरफ से प्रयत्न हुए होंगे, लेकिन प्रत्यक्ष रूप से दिखाई पड़ रहा है कि आयात करने की बात कही गई है, तो क्या इसका मतलब यह है कि गेहूँ कम उत्पादित हुआ है कि आयात की जरूरत पड़ी है। मान्यवर, गेहूँ का उत्पादन कम नहीं है। माननीय मंत्री जी ने ही गेहूँ के उत्पादन के बारे में अपने जवाब में कहा था, मेरे ही सवाल के जवाब में कहा था कि इस साल 7.4 करोड़ टन गेहूँ उत्पादित होने की संभावना है। यह पिछली बार से कोई कम तो नहीं है। गेहूँ पर्याप्त मात्रा में उत्पादित हुआ है, लेकिन गेहूँ की खरीद जिस तरीके से होनी चाहिए, गेहूँ की खरीद नहीं हो पा रही है। गेहूँ की खरीद क्यों नहीं हो पा रही है, ख़रीद न होने से भण्डारण नहीं हो पाएगा। भण्डारण नहीं हो पाएगा, तो यह महंगाई बढ़ेगी, अभाव पैदा होगा। गेहूँ की खरीद इसलिए नहीं हो रही है, मैं माननीय मंत्री जी के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहता हूँ, लेकिन मैं इतना जरूर कहूँगा कि गेहूँ की खरीद के क्रम में बहुराष्ट्रीय कंपनियों को खुले बाजार में आमंत्रित कर दिया गया, उनको लाइसेंस दे दिया गया। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में गेहूँ खरीदना शुरू कर दिया। 650 रुपया, जो गेहूँ की खरीद का समर्थन मूल्य था, उस मूल्य से भी कम दाम पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने गेहूँ खरीदना शुरू कर दिया। जब गेहूँ के विक्रय केन्द्र पर लोगों ने जाना प्रारम्भ नही किया था उस समय बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने उनके घर पर जाकर खरीदना शुरू कर दिया था, उनसे पहले ही मोल-भाव कर लिया था, उस आधार पर उन्होंने गेहूँ खरीदना शुरू कर दिया। बाद में यह लगा कि खरीद केन्द्र पर तो कोई जा ही नहीं रहा है, जब नहीं जा रहा है, तो माननीय मंत्री जी ने प्रेस कंफ्रेंस करके कहा कि हम 50 रुपया बोनस देंगे। किसान आएँ और गेहूँ बेचें। मान्यवर, उसके बावजूद भी किसान नहीं गया। बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने 820 रूपए ज्यादा दाम देकर गेहूँ खरीदना शुरू कर दिया। उत्तर प्रदेश का उदाहरण है। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री जी ने ऐलान किया कि हम 25 लाख टन गेहूँ खरीदेंगे। उन्होंने 25 लाख टन की घोषणा की। 572 क्रय केन्द्र भी स्थापित किए गए। लेकिन आज तक की सूचना है कि 20 हजार टन से ज्यादा गेहूँ नहीं खरीदा गया है। माननीय कृषि मंत्री जी ने ऐलान किया कि 150 लाख टन गेहूँ खरीद लेंगे। लेकिन, मान्यवर, अब तक की जो सूचना है, माननीय मंत्री जी इसे करेक्ट कर देंगे, केवल 86 लाख टन गेहूँ खरीदा जा सका है। यह 100 लाख टन गेहूँ भी खरीदा जा सकेगा, इसमें संदेह है। ऐसी हालत क्यों पैदा हो रही है? गेहूँ का उत्पादन कम नहीं है, बिक्री नहीं हो पा रही है, गेहूँ खरीदा नहीं जा पा रहा है और साथ ही साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों को पूरी छूट देकर उनसे गेहूँ खरीदवाया जा रहा है। मान्यवर, जिस तरीके की हालत पैदा हुई है, मैं यह कहना चाहूँगा कि अभी तक जो गेहूँ खरीद हुई है, मैं आँकड़ों के आधार पर बताना चाहूँगा कि 1997-98 में 93 लाख टन गेहूँ खरीदा गया, 1998-99 में 126.5 लाख टन, 1999-2000 में 141.4 लाख टन, 2000-01 में 163.5 लाख टन, 2001-02 में 206.3 लाख टन, 2002-03 में 190.5 लाख टन, 2003-04 में 158 लाख टन, 2004-05 में 168 लाख टन, 2005-06 में

147 लाख टन और इस समय अब तक जो गेहूँ खरीदा जा चुका है, वह केवल 86.5 लाख टन है, 100 लाख टन भी पूरा नहीं पड़ेगा। भण्डारण में पूरा हो सकता है, कमी नहीं होगी, अगर प्रबंधन ठीक होगा। आयात करना पड़ेगा। इसलिए यह तर्क दिया जाएगा कि इसका आयात करना है। मल्टी नेशनल्स गेहूँ खरीद रहे हैं। हमें आयात करके मंगाना पड़ रहा है और उसी कंपनी से मंगाना पड़ रहा है, जो कंपनी यहाँ गेहूँ खरीद रही है।(एडब्लू की कंपनी) जो कंपनी यहां से खरीद रही है, सस्ती दर पर, वह महंगी दर पर घटिया गेहूं बेच रही है। इस को क्या कहा जाएगा? इस को तो यही कहा जा सकता है कि कहीं-न-कहीं आपस का षडयंत्र है, हिंदुस्तान के किसान से एक प्रकार का षडयंत्र करने की कोशिश की जा रही है। मैं माननीय मंत्री जी की नीयत पर संदेह नहीं करता क्योंकि मैं जानता हूं कि आप जिस क्षेत्र से आते हैं, उस क्षेत्र को सचमुच में, स्वर्ग कहना ठीक नहीं रहेगा, बहुत अच्छा बनाया है। वहां के किसान बड़े सुख का अनुभव करते हैं। आप ने वहां जिस जबर्दस्त तरीके से सहकारिता की इमारत को मूर्त रूप में प्रस्तुत किया है, वह अपने में अनुकरणीय है। लेकिन आप के रहते, यह क्यों हो रहा है? इस प्रकार के हालात क्यों पैदा हुए? महोदय, आरोप यह लगता है कि जो एग्रो प्रोसेसिंग कंपनीज हैं, उन के द्वारा कुछ-न-कुछ किया गया है। आरोप यह लगाया जा रहा है कि 1966-67 में जिस प्रकार की हरित क्रांति आई थी और 50 लाख टन का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ था उस समय उस के लिए एक डाक टिकट भी जारी किया गया था। उस समय 50 लाख टन गेहूं पैदा कर के पूरे देश को आश्वस्त किया गया था कि खाद्यान्न के मामले में हम आत्म-निर्भर हो गए हैं। हमें बाहर से पी0एल0 480 नहीं मंगाना पड़ेगा। उस समय यह आश्वस्त किया गया था और आज 40 वर्ष बाद हमें 50 लाख टन गेहूं आयात करना पड़ रहा है।

मंत्री जी ने 50 लाख टन आयात की घोषणा की है। पहले कहा कि 5 लाख टन आयात करेंगे, फिर कहा 30 लाख टन आयात करेंगे और अब 50 लाख टन आयात करने की बात आ रही है। माननीय मंत्री जी ने अपनी प्रेस कांफरेंस में कहा है, हम ने पढ़ा था, उस में मंत्री जी ने कहा था कि जो गेहूं खरीदा जाएगा, वह सरकारी राशन प्रणाली के अंतर्गत खर्च होगा और बाकी का बफर स्टॉक के लिए होगा। जो आयातित गेहूं होगा, वह बफर स्टॉक के लिए होगा। अब यह कौन-सा गेहूं आयात किया जा रहा है? यह 5 लाख टन गेहूं जो आयात किया गया है, चेन्नई में वहां के विशेषज्ञों ने बात की है कि वह प्रदूषित गेहूं है। यह बात आई है, माननीय मंत्री जी उस को साफ कर दें। हम तो पढ़कर ही, जहां से सूचना प्राप्त होती है, उसी आधार पर कह रहे हैं। उस में 14 प्रकार के खरपतवार हैं जिस में से 11 प्रकार के खरपतवार आयातित हैं, बाकी के 3 यहां के हैं। उन में दो प्रकार के रोग फफूंदू हैं। वे बड़ी तेजी से फैलते हैं। वह एक बड़ा खतरनाक रोग होता है और जब किसी पौधे में लग जाता है तो वह पौधा प्रदूषित हो जाता है, बहुत खराब हो जाता है। इस तरह से और कई रोगों को आमंत्रित करने वाले खरपतवार हैं। वह कंपनी इतनी घटिया किस्म की है जिसे आस्ट्रेलिया ने स्वीकार भी किया है। महोदय, हम लोग तो समाचार पत्रों व पत्रिकाओं के माध्यम से ही पढ़ते हैं। आस्ट्रेलिया ने इसे स्वीकार भी किया है। शायद इन्हीं सारी चीजों को देखकर एक राष्ट्रीय पार्टी की सम्मानित अध्यक्षा ने, जो सरकार चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती हैं, उन्होंने भी इस का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि यह गेहूं आयात करना ठीक नहीं है, किसानों के हित में नहीं है। मुझे तो आश्चर्य हो रहा है कि जो सरकार चला रहा है, वही कह रहा है कि गेहूं आयात करना ठीक नहीं है। शायद माननीय मंत्री जी के सामने यह समस्या खड़ी हुई होगी। सभी लोगों ने समाचार पत्रों में पढ़ा है। इस के पहले भी उन्होंने एक वक्तव्य दिया था और मुक्त बाजार के

बारे में भी अपना विरोध प्रकट किया था जिसे माननीय प्रधान मंत्री जी ने बड़े प्रभावी तौर पर देश के सामने रखा था। मुझे आश्चर्य है कि सरकार में जो प्रभावी भूमिका का निर्वाह करता है, जो दल प्रमुख रूप से सरकार चला रहा है, उस की राष्ट्रीय अध्यक्ष गेहूं के आयात और मुक्त बाजार समझौते का विरोध कर रही हैं। उस के बाद भी वह हो रहा है। यह कैसे हो रहा है, क्यों हो रहा है, इस के बारे में मान्यवर, निश्चित रूप से बड़ी साजिश है उस पर विचार करना चाहिए। अगर यह विचार नहीं होगा तो एक बड़ी खतरनाक बात होगी। यह जो बहुराष्ट्रीय कंपनियां हैं, यह यहां से गेहूं लेंगी और महंगाई बढ़ेगी। माननीय मंत्री जी ने कहा है कि आयात इसलिए भी किया जा रहा है कि जो गेहूं की कमी होगी, जो अभाव गेहूं का पैदा हो रहा है और जिस कारण लोग परेशान हो रहे हैं, उन की परेशानी दूर की जाएगी? मान्यवर, परेशानी दूर नहीं होगी क्योंकि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के द्वारा गेहूं का कृत्रिम अभाव पैदा किया गया है।

इसमें कृत्रिम अभाव पैदा किए जाने से आटे के दाम में जबर्दस्त बढ़ोत्तरी हो रही है। गरीब आदमी कहाँ जाएगा? एक गरीब की प्रायरिटी कहाँ है, गाँव की प्रायरिटी कहाँ है और किसान की प्रायरिटी कहाँ है? किसान तो इससे मारा जाएगा। बड़े लोगो को ज्यादा पैसा दिया जा रहा है। विदेशी किसानों को ज्यादा पैसा दिया जा रहा है और यहाँ का किसान कम पैसा प्राप्त कर रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है? मान्यवर, यह बड़ा खतरनाक पक्ष है। इस पर सब को बड़ी गम्भीरता से विचार करने की आवश्यकता है। श्री तपन जी ने जो अपनी बात रखी थी, मैं उससे सहमत हूँ। ...**(व्यवधान)**... मैं उनसे सहमत हूँ। उन्होंने जो आँकड़े प्रस्तुत किए हैं और उन्होंने जो बताया है, इस पर बड़ी गम्भीरता से विचार करना पड़ेगा। आखिर ये जो चार श्रेणी के लोग हैं, किसान हैं, उनको आजीविका से युक्त करने के लिए, उनको इस बात का अहसास कराने के लिए कि हम सही मायने में अपना जीवन-यापन ठीक से कर सकते हैं, आत्मनिर्भर हैं, कौन-सी व्यवस्था करनी पड़ेगी?

मान्यवर, कृषि देश की आर्थिक रीढ़ है और कृषि विभाग उस दिशा में एक महत्वपूर्ण और जबरदस्त क्रांतिकारी परिवर्तन कर सकता है। क्रांतिकारी परिवर्तन करने के लिए, जिस ढंग से हरित क्रांति के लिए डा0 स्वामीनाथन ने, मैक्सिको में कृषि वैज्ञानिक प्रयोगशाला के माध्यम से डा0 नॉर्मन ई0 बोरलॉग के द्वारा जो ठिगने गेहूँ के बारे में प्रयोग किया गया था। यह गेहूँ की वह प्रजाति उपजाऊ प्रजाति थी, उनके साथ सम्पर्क स्थापित करके उस प्रजाति के बीज को मंगाकर जिस तरीके से उसको विकसित किया और उस प्रजाति को विकसित करने के बाद कहा कि इसको भारत के अन्दर प्रयोग के रूप में रखा जाएगा। उन्होंने पहले एक हेक्टेयर में उसका प्रदर्शन किया, जिसमें पाँच टन गेहूँ पैदा हुआ और बाद में उसके उपयोग से ज्यादा पैदावार हुई, तो उसी ने हरित क्रांति पैदा की। उसी ने भारत को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। उसी ने गेहूँ के आयात को खत्म करवाया था। माननीय कृषि मंत्री जी आज यहाँ बैठे हुए हैं। आपको भी क्रांतिकारी निर्णय लेना चाहिए। आपको संकल्प लेना चाहिए कि इस प्रकार का आयात नहीं होगा। हम किसी के दबाव में नहीं आएँगे। मैं मानता हूँ कि उदारीकरण की प्रक्रिया के अन्तर्गत अनेक प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय दबाव हो सकते हैं, लेकिन भारत के हित को सबसे पहले देखेंगे और भारत के हित को देखते हुए किसी दबाव को स्वीकार नहीं करेंगे। इससे आयात की जो प्रक्रिया स्थापित की गई है और विभिन्न मल्टीनेशनल्स को जो लाइसेंस देकर, गाँव में जाकर जिस तरीके से बटोरने की कोशिश की जा रही है, इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। हाँ, यह भी कहा गया है कि हमने लाइसेंस देने के क्रम में पहले Do's and Don'ts

की बात कही है कि इतना मानो और यदि इतना नही मानोगे तो ठीक नहीं होगा, लेकिन मान कौन रहा है? उसे स्वीकार नही कर पा रहे हैं। आयात के क्रम मे सारी जो प्रक्रियाएँ थीं, जो मानक थे, उनको डल्यूट कर दिया गया है। उनका डायल्यूशन हुआ है। उस डायल्यूशन के आधार पर आयात किया जा रहा है। इस प्रकार वह आयात मानक के आधार पर भी नहीं हो पा रहा है। इसलिए मान्यवर, हम इसका विरोध करते हैं। आयात बन्द होना चाहिए, खरीद ज्यादा होनी चाहिए और किसान को उचित मूल्य मिलना चाहिए। जब तक किसान को उचित मूल्य नहीं मिलेगा, तब तक किसान आत्मनिर्भरता का अनुभव नहीं करेगा। अब तो लागत बढ़ गई है। चाहे खाद का दाम हो या चाहे बिजली या अन्य सारी चीजों का दाम हो, लागत 38 प्रतिशत बढ़ी है और उसको केवल 10 फीसदी का ही लाभ हो रहा है। यह हालत है कि उस पर सब्सिडी कम कर दी गई है। विदेशों की, developed countries की बात कही जाती है, तो वहाँ तो किसानों को रोज़ सब्सिडी दी जा रही है, लेकिन यहाँ तो साल भर मे पाँच हजार की भी सब्सिडी किसान को नहीं मिल रही है। यह भी प्राप्त नहीं हो रही है। आखिर किसान जाएगा कहाँ? किसान की स्थिति सुधारी कैसे जाएगी? इसलिए मान्यवर, मैं माननीय मंत्री जी से यह आग्रह करूँगा कि वे इस दिशा मे क्रातिकारी कदम उठाएँ और क्रांतिकारी कदम उठाकर पूरे देश को यह संदेश दे कि हम किसी के दबाव मे नही हैं और किसी विदेशी कम्पनी को यहाँ प्रश्रय देकर किसी प्रकार का नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में काम नही कर रहे हैं। हरित क्रांति को आगे बढ़ाने की दिशा मे काम करेगे, हरित क्रांति को समाप्त नही होने देगे। ऐसा कोई मैसेज़ दे। यही आग्रह करते हुए, मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ। धन्यवाद।

प्रो. राम देव भंडारी (बिहार) : माननीय उपसभापति जी, अपने देश में गेहूं के आयात पर सदन में चर्चा हो रही है। गेहूं से देश के किसानों का, कृषि का गहरा संबंध है। एक समय था, जब खेती को जीविका का सबसे उत्तम और प्रतिष्ठित साधन माना जाता था और जिस सेवा के पीछे आज हम भाग रहे हैं, उस सेवा की श्रेणी सबसे नीचे होती थी। जैसा मिश्र जी कह रहे थे, किसान को इस देश की आत्मा कहा जाता था, देश के आर्थिक विकास की रीढ़ कहा जाता था। वर्ष 1951 में इसका सकल घरेलू उत्पाद मे 50 प्रतिशत से अधिक योगदान था। आज यह स्थिति 24 प्रतिशत पर आ गई है। इसका क्या कारण है? भारतीय किसान, जो देश के आर्थिक विकास का रीढ़ होता था, आज वह सबसे पीछे क्यों चला गया है? लाल बहादुर शास्त्री जी ने एक नारा दिया था - "जय जवान, जय किसान" एक समय ऐसा भी आया कि अनाज के उत्पादन के क्षेत्र में हम स्वाबलंबी बने, आत्म-निर्भर हुए और दूसरे देशों को निर्यात करने की स्थिति में पहुंचे। आज क्या हो गया कि हमे बाहर के देशो से गेहूं मंगाना पड़ रहा है?

महोदय, देश की लगभग 69 प्रतिशत जनसंख्या अभी भी खेती पर निर्भर है और कृषि क्षेत्र में अभी भी 65 प्रतिशत रोज़गार हैं, मगर फिर भी भारी संख्या मे गांवों से पलायन हो रहा है। गांवों से लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। दिल्ली जैसे शहरों में पलायन कर रहे हैं। क्या कारण है कि आजादी के 59 वर्षो बाद कृषि को मजबूत होना चाहिए था, आज वह कृषि कमजोर होती चली जा रही है और किसान किसान न रह कर मजदूर होता चला जा रहा है। मैंने पढ़ा है कि 40 प्रतिशत किसान आज खेती छोड़ने की इच्छा व्यक्त कर रहे हैं। मिश्र जी कह रहे थे, 48 से 50 प्रतिशत किसानों पर कर्ज है, वे कर्ज के बोझ से दबे हुए हैं। यह स्थिति आज केवल किसी पिछड़े राज्य की ही नहीं है, वह आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु की बात कर रहे थे, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य, जिन राज्यों पर हमारा गौरव था, जिन्हें हम समझ रहे थे कि ये राज्य

देश के आर्थिक विकास की रीढ़ हैं, उन राज्यो की भी स्थिति यह है कि किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं। एकाएक ऐसी स्थिति क्यों पैदा हो गई? क्या हो गया है हमारे देश के किसानों को? अभी भी हमारी 60 प्रतिशत खेती वर्षा पर निर्भर करती है। वर्षा पर निर्भर करने का अर्थ यह है कि वर्षा हुई तो खेती हुई, नहीं तो खेती चली गई, नष्ट हो गई। फसल बीमा के लिए भी देश भर में ऐसी कोई बात नहीं है कि अगर खेती मारी जाए, तो किसानो को फसल बीमा के रूप में कुछ मिल जाए। किसान कर्ज लेते हैं, 12-14 प्रतिशत ब्याज दर पर उनको कर्ज मिलता है और जब फसल मारी जाती है तो कर्ज चुकाने की स्थिति मे किसान नहीं होता। जब वह कर्ज चुकाने की स्थिति में नहीं होता, तो ग्लानि से, शर्म से या कर्ज वापस मांगने वालों के भय से सपरिवार आत्महत्या करता है। हमारे लिए यह शर्म की बात है कि हमारे देश के किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं।

महोदय, गेहूं की खेती में ऐसी बात नही कि हमारे किसान इसकी खेती नहीं करते हैं, बल्कि पूरी मेहनत से खेती करते हैं। आज खेती किसान के लिए लाभ की बात नहीं रह गई है, फिर भी हमारे देश के किसान अभी भी खेती करते हैं, खून-पसीना बहाकर खेती करते हैं। उसके बावजूद भी जितनी उनकी लागत आती है, उतना भी उनको नहीं मिलता। उनके बच्चे हैं, परिवार हैं, उन्हें बच्चों को पढ़ाना-लिखाना है, दूसरी तरह के सामाजिक कार्य करने हैं। जब वे नहीं कर पाते तो आत्महत्या करते हैं हजारों की संख्या में। इस बार गेहूं की खेती हुई, हमने समाचार पत्रों में पढ़ा, लगातार खबरें आती हैं कि मल्टी नेशनल कम्पनियों ने और अपने देश की भी कुछ कम्पनियों ने उनको ज्यादा मूल्य देकर उनसे गेहूं खरीदा है। हमें लगता है कि प्रक्योरमेंट पॉलिसी में कहीं न कहीं त्रुटि है, इसको देखना पड़ेगा। किसान विक्रय केन्द्रों पर अपना गेहूं लेकर नहीं जाते हैं और मल्टी नेशनल कम्पनियां या बड़ी-बड़ी कम्पनियां उनसे गेहूं खरीद लेती हैं। इसलिए हमारी प्रक्योरमेंट पॉलिसी को हमें एक बार फिर से देखना पड़ेगा।

महोदय, हमारे गोदामों में गेहूं नहीं है। हमने पहले गेहूं बेची थी, अब गेहूं खरीद रहे हैं। लेकिन किस मूल्य पर, 950 रूपए प्रति क्विन्टल परबहुत ज्यादा मूल्य पर हम बाहर से गेहूं मंगा रहे हैं। क्या हम अपने किसानो को वह मूल्य नही दे सकते? अगर हम अपने किसानो को सही मूल्य दें, उन्हें खेती में मुनाफा दें तो वे अपना कर्ज भी चुका सकते हैं, अपने दूसरे काम भी कर सकते हैं और आगे की खेती के लिए तैयारी भी कर सकते हैं। मुझे लगता है कि कहीं न कहीं हमारी पॉलिसी डिफेक्टिव है, इसलिए उसे देखना पड़ेगा। महोदय, यह निश्चित है कि किसान संकट में है। अगर वह संकट में रहेगा तो निश्चित रूप से देश की आर्थिक रीढ़ खेती या कृषि को बड़ा भारी नुकसान पहुंचेगा।

महोदय, मैं ज्यादा नहीं कहना चाहता, मैं निवेदन करना चाहूंगा कृषि मंत्री जी से, वे बहुत ही सफल मुख्य मंत्री रहे हैं अपने प्रदेश में और इनका देश में, खास कर किसानों में बहुत सम्मान है वे किसानो का दर्द भी समझते हैं, मगर अभी जो कार्य किया गया है - बाहर से गेहूं मंगाकर, अपने देश के किसानों से गेहूं न खरीदकर और उनको सही मूल्य न देकर और उसके कारण एक संकटकालीन स्थिति पैदा हुई है, यह कार्य इनके स्वभाव से, इनके विचार से और इनके कार्यों से मेल नहीं खाता है।

इसलिए, महोदय, मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वे बाहर से जो गेहूं मंगा रहे हैं, उसका एक बार पुनः निरीक्षण करें और उसके संबंध में पुनःविचार करें, देश की

प्रक्योरमेट पॉलिसी के संबंध मे भी विचार करे, ताकि हमारे किसान आत्महत्या न करे, क्योकि आत्महत्या शर्मनाक होती है और यदि भारत के किसान आत्महत्या करते हैं तो वह देश के लिए, देश के नागरिको के लिए और किसी भी सरकार के लिए बहुत शर्म की बात है।

इन्ही शब्दो के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री गांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश) : महोदय, गेहूं आयात पर चर्चा चल रही है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है और इस कृषि प्रधान देश के किसान बेहाल हों, यह स्थिति बहुत ही शर्मनाक है। हमारे देश को सोने की चिडिया से भी नवाज़ा गया है, लेकिन यह सोने की चिड़िया वाला देश दुनिया के देशो के सामने कटोरा लेकर भीख मांगे, यह भी एक चिंताजनक बात है, चिंतन-मनन का विषय है।

महोदय, अभी कुछ वर्ष पहले, जैसा कि हमारे साथियों ने बताया, मेरे पास आंकड़े तो नही हैं, लेकिन हमारा देश दूसरे देशो को खाद्यान्न निर्यात करता था, लेकिन आज कौन सी परिस्थितियां पैदा हो गई, जिनके कारण हमारी सरकार को या हमारे मंत्री जी को गेहूं आयात करने की आवश्यकता पड़ी। हमारे कृषि प्रधान देश की लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या आज भी गांवों मे रहती है, खेती पर निर्भर है, लेकिन हमारा मानना है कि गांवों में रहने वाली और खेती पर निर्भर रहने वाली अधिकांश जनसंख्या वाले देश के आर्थिक बजट मे उन पर कम खर्च किया जाता है और एक तरह से कहिए तो उन्हें उदासीनता की दृष्टि से देखा जाता है। उन पर जितना विचार करना चाहिए, जितना देश का आर्थिक बजट खर्च करना चाहिए, उतना खर्च नही किया जाता है। आज खेती के उत्पादन के साधन एवं अन्य वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं और इस महंगाई के कारण कृषि की उत्पादन लागत मे लगातार वृद्धि होती चली जा रही है, किन्तु किसानो को उनकी उत्पादन लागत का मूल्य मिल नही रहा है। सब्सिडी की भी कोई समुचित व्यवस्था नही है, जिसके कारण हमारे किसानो को आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

महोदय, आज जो लोग कृषि के क्षेत्र मे लगे हुए हैं, हमारा मानना है और वास्तविकता भी यही है कि उनमें से 25% लोगो के पास अपना कोई खेत नहीं है, वे दूसरों के खेतों मे अकेले नही, पूरे परिवार के साथ काम करते है और साथ ही हमारा मानना यह भी है कि रहने के लिए जमीन के नाम पर उनके पास सिर छुपाने के लिए भगवान की नीली छतरी के अलावा और कोई चीज़ नही है। लेकिन सरकार उन किसानो पर कोई भी ध्यान नहीं देती है।

आज आरक्षण का बवाल पूरे देश मे मच रहा है। लोग कहते हैं कि आरक्षण के कारण उच्च शिक्षा मे अयोग्य लोग पहुंच रहे हैं। मैं इस सदन के माध्यम से उनसे सवाल करना चाहता हूं कि जो कृषि क्षेत्र मे अयोग्य हैं, जो कृषि के कार्य को बिल्कुल भी नहीं जानते हैं, आज सैंकड़ों-हज़ारो एकड़ भूमि के मालिक बने हुए हैं। उनके हाथ भी अगर मिट्टी से छू जाएं तो शायद उन्हें खसरा हो जाए, लेकिन ऐसे लोगो के पास सैंकड़ों-हज़ारों एकड़ भूमि है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जो लोग पूरे परिवार को साथ लेकर कृषि का कार्य करते हैं, क्यों नहीं ये हल्ला मचाने वाले इस बात को कहते हैं या यह आवाज़ उठाते हैं कि ये जो अकुशल लोग हैं या जो कृषि नहीं जानने वाले लोग हैं, उनसे उनके खेत छीन कर, जो कृषि का काम करने वाले हैं, उन्हें दे दिए जाएं।

आज बहुत सारे बवाल उठ रहे हैं, लोग कहते हैं कि आरक्षण के नाम पर अयोग्य लोग पहुंच रहे हैं, लेकिन जो डोनेशन के नाम पर आरक्षण की व्यवस्था है, क्या यह भी अप्रत्यक्ष आरक्षण नहीं है? मैं सदन के माध्यम से उनसे यह सवाल पूछना चाहता हूं कि वे इसके लिए बवाल क्यों नहीं करते हैं। लेकिन बवाल तो बवाल है और आज ऐसे ही बवाल उठाए जा रहे हैं।

महोदय, मेरा मानना है कि आज इस देश में जितनी भूमि कृषि योग्य है, उससे कहीं अधिक भूमि ऊसर, परती या बंजर के रूप में पड़ी हुई है। अगर इस भूमि की समुचित व्यवस्था की जाए, भूमि सुधार किया जाए और जिनके पास भूमि नहीं है अथवा जो भूमिहीन लोग हैं, उनमें वह भूमि वितरित कर दी जाए, तो मैं समझता हूं कि आज जो गेहूं आयात करने की स्थिति पैदा हो रही है, वह स्थिति नहीं आएगी। इसलिए माननीय मंत्री जी से मैं यह निवेदन करूंगा कि इस समस्या से एवं दीर्घकालीन स्थिति से निपटने के लिए आप इस कार्य को अविलम्ब करें।

यह देश एक खुशहाल देश रहा है, एक कृषि प्रधान देश रहा है, इसलिए इसके लिए आर्थिक बजट को भी बढ़ाया जाए। भूमि सुधार लाकर जो सचमुच में कृषि एवं खेती का कार्य किए जाते हैं, उनको कृषि के लिए भूमि मुहैया करवाई जाए ताकि देश का उत्पादन भी बढ़ सके और इस आयात की स्थिति का निपटारा भी हो सके ताकि हम कृषि प्रधान देश के रहने वाले लोग, दूसरे देशों से कृषि वस्तुओं के आयातक न बन करके निर्यातक बन सकें। हमारा यही सुझाव है। धन्यवाद।

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Deputy Chairman, Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on the subject of import of wheat and agrarian distress in the country. Sir, as far as problems in agriculture are concerned, we have discussed this issue during the Session in July, 2004 - the debate took place on 14th July, 2004 - again on 22nd March, 2005, and, day before yesterday also, I had raised this issue.

The hon. Agriculture Minister was kind enough to reply to the debate on two occasions, on 14th July, 2004 and on 22nd March, 2005. Sir, even after repeated requests from the people of our country, the Government, both at the Centre and the State, is not responding to the demands made by the farmers and their representatives. Sir, we have problems right from seed to sale. As I have also raised this issue on the previous occasion, the main problem is of getting good quality of seeds, fertilizers and pesticides, apart from depending on the monsoon.

Sir, we don't have assured water for the agriculture and the farmers are at the mercy of monsoon, and, finally, when it comes to the harvesting time, again they have to depend on the Rain God to save their crops. In spite of the difficulties and all the odds, they raise some crop and get the harvest, but, again, they are thrown at the mercy of the middlemen. Sir, we have no system of purchase by the Government agencies except

the Food Corporation of India. The other day, I raised the issue of paddy crop in Andhra Pradesh; they are unable to sell the paddy. The Food Corporation of India has opened few centres without adequate infrastructure and people are forced to wait for eight to ten days in the market yards. Sir, the other day, I demanded to open more purchase centres while providing required infrastructure.

Coming to the issue of fertilizers, seeds and pesticides and the agriculture inputs, Sir, they are unable to get the agriculture credit. They have to depend mostly on private moneylenders - as the institutional financing is very meagre - and they are paying high rate of interest. For that simple reason, they are unable to retain the produce and they are bound to sell it on the day of harvest. Otherwise, there is no storage facility. They cannot retain the crop since the interest rate is very high and the moneylender also presses for the repayment of the loan.

Time and again, we have been requesting the hon. Minister to raise the agriculture credit. Though it has been raised -- for the past two, three years, some sort of improvement is there -- but that is not adequate. More particularly, the worst sufferers are the small and marginal farmers. We demanded, time and again, to give the percentage of small and marginal farmers who are getting credit from the Government institutions or cooperative institutions.

Sir, I come to the issue of suicides in Andhra Pradesh and other parts of the country. I have the figures from Andhra Pradesh. Right from 14th May, 2004 to 15th May, 2006, about 3,115 farmers have committed suicide. Apart from this, 391 weavers have committed suicide. In otal, nearly 3,500 people died out of distress. Sir, the help extended by the Government of India and the State Government is totally inadequate and it is not at all reaching the families affected by virtue of these calamities. Sir, I am aware of the time constraint and I know I have very limited time.

Sir, even today, the newspapers from Andhra Pradesh quote that you are going to tax the agriculturists. Yes, this is the leading newspaper from Andhra Pradesh. It says that you are going to tax the agriculture income also. Sir, the news item says that you have invited comments from the people, suggestions from the people by July 5 of this year in order to tax the people. Sir, there are 162 exemptions in the Income Tax Act, and, perhaps, you are going to repeal the same. Sir, if it is a fact and if the Government does not contradict the news item, it is going to put a heavy

burden on the farmers. Sir, the other aspect is the National Agriculture Insurance Scheme. Sir, this is also a miserable failure. There are a lot of lacunae in the scheme itself. For instance, I will quote one news item wherein about Rs. 500 crores are given to Andhra Pradesh by virtue of the National Agriculture Insurance Scheme. Out of 294 constituencies in Andhra, only 3 constituencies got Rs. 210 crores out of Rs. 500 crores given to Andhra Pradesh through this National Agriculture Insurance Scheme. I will send these clippings to the hon. Minister for examination and remedial measures. If the version is correct, you have to rectify the scheme itself. Sir, the insurance scheme itself, as I have demanded earlier, should be at par with the vehicle insurance scheme. If an accident takes place, somebody rushes to the spot and gets the damage assessed there and then. But, as far as agricultural crops are concerned, by the time the officers reach the village or the farm, everything is removed from the scene and they do not get the required compensation.

Sir, even yesterday, we met the hon. Prime Minister regarding the spurious seeds and pesticides. Apart from this, big multi-national companies, like Monsanto, are selling their products in India at high costs. We made a representation to the hon. Prime Minister on behalf of the people of Andhra Pradesh. All the MPs of the State met the hon. Prime Minister. We are not against the companies. The pricing system, the pricing mechanism, should be checked. We are unable to bear the rate provided by the Monsanto company. In the name of big companies, they are creating a lot of problems in agriculture sector. This should be checked.

Another point is, the hon. Minister, while participating in the Agriculture Summit, 2005 - this was held on April 9th and 10th, jointly with the Agriculture Ministry of the Government of India and the FICCI - gave a key note address on the subject, "Agriculture Summit - Reforms for Raising Farm Income". They have made a lot of suggestions. I want to know from the Ministry, as far as these suggestions are made in the Summit, how many are complied with and how many are implemented. And, having given a keynote address, we expect the hon. Minister to respond to that also.

Coming to the plight of the farmers, the suicides are on the increase. The Government of India constituted a Committee and entrusted the work to an organisation called MANAGE. Apart from the reports from the experts like Swaminathan, there are Reports from Andhra Pradesh. The Jayathi Ghosh Commission is also there. Another Report has come from

the Ravi Chenna Reddy Commission. Sir, all these Commissions went into the details of farmers' suicides. They have come out with certain suggestions and they have come out with good recommendations. Sir, I would like to request the hon. Minister to throw some light over these recommendations to help the farmers of our country.

Apart from this, we have been saying, time and again, that there is a Report on micro irrigation. The amount allocated is very meagre on micro irrigation. I demand that the Naidu Committee Report, which is with the Ministry, should be implemented *in toto*, wherein he has recommended to provide more than 50 per cent to the farmers for the drip irrigation and sprinkler irrigation so that we can mitigate the problems of the farmers.

Sir, the other issues are with regard to agriculture credit. Still, the institutional financing is very, very meagre and we demand that it should be, at least, to the tune of 50 per cent. Otherwise, again they are forced to seek the financial assistance from the moneylenders, which is against the interests of the farmers.

Finally, Sir, I will come to the import of wheat. We have been discussing this issue. I have also given a notice and I am told that it is posted to 22nd of this month. The demand which I have made through that notice is that the wheat which is imported and placed at ports like Tuticorin, I am told, is not worth eating, worth consumption. It is injurious to health also. When so many problems are there, why are we importing wheat against the interests of Indian farmers? I have with me a lot of statistics regarding wheat growing States and their problems, but due to paucity of time I am unable to put forth all those things.

Sir, coming to my own State, we have been narrating these problems time and again, but we have not got any solution. At least, through this debate, I expect the hon. Minister to come out with a package. We are having a lot of faith and confidence in him. Through his reply, we hope that something can be done. He has convened a meeting of Chief Ministers in Andhra Pradesh. We expected that a package would be announced on that day itself. I do not know why it was withheld. Sir, please, see that some assistance is given to the family members of those who have committed suicides and to the people who are in distress. Though there is a moratorium in Andhra Pradesh - I don't know, as of know, if it exists or lapsed - but private moneylenders are pressing farmers to pay back their money.

In view of all these problems and in the regime of WTO, our farmers do not have a level playing field. We have not provided them with the information; we have not equipped them very well; and we have not given them required subsidy to compete with their counterparts in the rest of the world. Sir, to encourage the farming community, you have to come out with a package.

Sir, when more than 70-80 per cent of the population is dependent on agriculture, why are we neglecting the agriculture sector? Sir, even in the earlier part of the session, we have demanded that there should be a special Budget for the agriculture itself. (*Time-bell*) When we compared it with the Railways, the argument given was that it was self-generating and agriculture was only investment. Sir, they are giving a lot of income to the Government, a lot of revenue to the Government, but we are neglecting the agriculture sector. Sir, everybody says that he comes from agriculture family and that he has agriculture background. I don't know what has happened to the people who are at the helm of affairs, who are not at all coming forward to help the farming community.

Sir, once again, through you, I request the hon. Minister, in whom we have a lot of confidence, to come out with a package to save the farming community and help the farmers who are in real distress and to see that the package announced by the Prime Minister earlier during his visit to Andhra Pradesh is implemented. As far as import of wheat is concerned, it is detrimental to the interests of Indian farming community. Please, see that the order is withdrawn. Don't place further orders for the import of wheat. It will act against the interests of Indian farmers. With these words, I thank you, Sir, for having given me this opportunity.

श्री उपसभापति : श्री रामदास अग्रवाल। आपके पास पांच मिनट का समय है।

श्री रामदास अग्रवाल (राजस्थान) : धन्यवाद उपसभापति महोदय, आप जितनी आज्ञा देंगे, उतना ही बोलूंगा। महोदय, तीसरी बार इस सम्मानित सदन में आने का मुझे मौका मिला है और यह मेरा उस नाते से पहला वक्तव्य है। लगातार 12 वर्षों तक, 1990 से लेकर 2002 तक मैं इस सम्मानित सदन का सदस्य रहा और उस समय, हमारे उस समय के सभापति स्वर्गीय माननीय शंकर दयाल शर्मा जी, उनके पश्चात स्वर्गीय नारायणन साहब एवं उनके पश्चात स्वर्गीय कृष्ण कान्त जी, इन तीनों महानुभावों के साथ मुझे इस संसद में और उनके मार्गदर्शन में काम करने का मौका मिला था। इतना ही नहीं, मैं उनके साथ कई बार देश-विदेश की यात्राओं में भी गया था, उनके अनुभव के भंडार से मुझे बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला था। आज जब मैं तीसरी बार आया हूं तो मैं उनको स्मरण कर रहा हूं। उपसभापति महोदय, जब मैं तीसरी बार आया हूं तो अब जो हमारे देश के महामहिम उपराष्ट्रपति हैं और इस सदन के सम्मानित सभापति

हैं, उनके साथ भी मुझको गत 40 वर्षों से काम करने का मौका मिला था और अब छः वर्ष के लिए जो मैं चुनकर आया हूं, उनके सभापतित्व काल में और आपके उपसभापतित्व काल मे, मुझे फिर अनुभव प्राप्त करने का मौका मिला है। महोदय, मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस गरिमामयी सदन की गरिमा के अनुकूल मैं अपना आचरण सदैव रखूंगा।

उपसभापति महोदय, अब मैं अपने विषय पर, जिस पर आज चर्चा हो रही है, उस पर अपने विचार रख रहा हूं। अभी हमारे सभी माननीय सांसदों ने किसानों की दयनीय हालत पर, तरस खाने योग्य स्थिति पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। यह स्वाभाविक है। फार्मर्स के वैलफेयर के लिए अगर हम बात न करें, या उनके उत्थान और उन्नति के लिए प्रयास न करें, या मैं यह कहूं कि उनके लिए, उनकी सहानुभूति के लिए हम आंसू न बहाएं तो कौन बहाएगा? महोदय, I'm not a farmer, nor am I a poor farmer like our earlier Prime Minister, लेकिन मैं इस किसान को, भारत के किसान को, आज इस संसद में खड़े होकर, अपने पहले भाषण में नतमस्तक होकर नमन करना चाहता हूं, उसकी स्तुति करना चाहता हूं। नेताओं की स्तुति हम सब करते हैं, लेकिन मैं किसान की स्तुति इसलिए करना चाहता हूं कि अनेक कठिन परिस्थितियों के बावजूद, उस पर अकाल की मार पड़ी होगी, उस पर कम वर्षा की मार पड़ी होगी, उस पर बाढ़ की मार पड़ी होगी, उसको डीज़ल नहीं मिला होगा, उसको समय पर पानी-बिजली नहीं मिला होगा, उसको खाद-बीज भी समय पर नहीं मिला होगा और उसको शायद कभी-कभी कर्जा भी समय पर नही मिला होगा, कर्जे के बोझ से दबा भारत का किसान, अकाल से पीड़ित भारत का किसान, इस देश में 7 करोड़ 45 लाख टन गेहूं पैदा कर सकता है, तो क्या हम उसको नमन नहीं करेंगे? इतनी गंभीर परिस्थितियों में रहकर भी भारत के किसान ने अपने परिश्रम से, अपने पसीने से इस देश के सौ करोड़ लोगों के खाने के लिए साढ़े सात करोड़ टन अनाज पैदा किया था और वह पैदा कर रहा है।

महोदय, हमारे सामने सवाल यह आता है कि हमने उस किसान के लिए कहने को बहुत कुछ किया है, हम यह दावा भी कर सकते हैं। जो भी सरकारें इस देश में आई, उन्होंने किसानों के लिए हमेशा सहानुभूतिपूर्ण रुख रखा। कितने सफल और कितने असफल वे हुए, यह इस समय विवाद का विषय नही है, लेकिन महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जिस वर्ग ने, जिस किसान ने इस देश के सौ करोड़ लोगों के पेट भरने के लिए अनाज पैदा किया, और भी बाकी सारे जिन्स पैदा किए, अगर उस किसान के बारे में हम थोड़ा सा विचार करें, तो आपके सामने एक तथ्य आएगा कि जो प्रोक्योरमेंट प्राइस है, 2001-02 में - मैं केवल गेहूं की चर्चा कर रहा हूं - तो वह था, 610 रुपए प्रति क्विंटल। 2002-03 में 10 रुपए बढ़ाकर वह 620 रुपए किया गया, 2003-04 में इसे फिर 10 रुपए बढ़ाकर 630 रुपए किया गया, 2004-05 में यह 630 रुपए ही रहा और 2005-06 में यह 640 रुपए है। महोदय, हम जिस किसान की बात करते हैं, हमारे अन्नदाता की बात करते हैं, हमारा पोषण करने वाले वर्ग की बात करते हैं, तो ज़रा मैं पूछना चाहता हूं हमारी सरकार से, माननीय शरद पवार जी स्वयं कृषक वर्ग से आते हैं, स्वयं कृषक हैं। मैं तो फार्मर नही हूं, जैसा मैंने कहा, लेकिन आप ज़रा दिल पर हाथ रखकर विचार कीजिए महानुभाव कि चार साल में, पांच साल में, जो उनको मात्र 30 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी दी गई, क्या यह उस किसान के लिए सफिशिएंट है, जिसके पानी का दाम बढ़ गया, बिजली का दाम बढ़ गया, डीज़ल का दाम बढ़ गया और वह जो चीज़ें कन्ज्यूम करता है, उन सबके दाम बढ़ गए? सारी चीजों के दाम बढ़ने के बाद भी उसके द्वारा उत्पादित उत्पाद का

दाम केवल केवल 6 परसेंट ही बढ़ा है, जो कि आश्चर्यजनक है। इसके बाद हम उससे यह अपेक्षा करते हैं कि वह हमारे सौ करोड़ देशवासियों के लिए अपना पसीना बहाता चला जाए और हमारे देश के लोगों का पेट भरता चला जाए। मेरी समझ मे यह नहीं आता है कि सभी सरकारें, जो इस प्रकार का दावा करती हैं, कि किसान कहां फेल हुआ है, मुझे अब तक यह बात समझ में नही आई कि इस देश के अंदर जब हरित क्रांति का उदय हुआ, हरित क्रांति के उदय के समय आदरणीय शरद पवार साहब भी कहीं न कहीं जरूर स्थापित थे, उनका भी कहीं न कहीं पर योगदान था, जब हरित क्रांति इस देश में आई तो उसका रेस्पॉंस किसान ने दिया। अगर सरकारों ने उनको किसी प्रकार से मदद की तो किसान भी पीछे नही रहा और उसने हमारे देश में साढ़े सात करोड़ टन अनाज पैदा करने का लक्ष्य पूरा करके दिखाया। उपसभापति महोदय, जो सवाल हमारे सामने है कि जो यह उत्पाद पैदा हुआ, गेहूं पैदा हुआ, उसके प्रोक्योरमेंट का काम तो सरकार को करना था। किसान का काम प्रक्योरमेंट करना, सप्लाई करना और उसे BPL के लोगों तक पहुंचाने का नही है। सरकार ने प्रक्योरमेंट कम क्यो किया, यह एक बड़ा विचित्र सवाल है। उत्पादन ठीक है, पैदावार खूब हुई है, हमे जितना अनाज चाहिए था, उतना पैदा हुआ है। उसमें लाख, दो लाख या पांच लाख टन की कमी होगी, मैं यह स्टेटिस्टिक्स के नाते नहीं जानता हूं, लेकिन महोदय किसान ने कोई ऐसी कमी पैदा नही की, जिससे दस परसेंट पच्चीस परसेंट उत्पादन कम हो गया और उसके कारण हमारे देश के लोगों को अनाज की या गेहूं की कमी का सामना करना पड़ा। आज हमें जिस कमी का सामना करना पड़ रहा है और जिसके लिए आज संसद का समय लिया जा रहा है, इमसें केवल और केवल सरकार का फेल्योयर है। इसमें और किसी की जिम्मेदारी नही है, क्योकि समय पर प्रक्योरमेंट नही किया गया। क्योंकि समय पर किसान के जो दाम तय करने चाहिए थे, वे दाम तय करने के बाद सरकारी मशीनरी, मैं केन्द्र सरकार की बात नही करता, जो भी मशीनरी इस प्रक्योरमेंट के लिए जिम्मेदार है, वे सरकारें प्रक्योरमेंट करने में फेल हुई हैं, मशीनरी फेल हुई है। अगर उनको एक करोड़ 62 लाख टन प्रक्योर करना था तो उन्होंने एक लाख टन क्यो किया? वे बाजारों में खड़े होकर माल क्यों नहीं ले पाए? क्या इसकी जिम्मेदारी किसान की है? आप कैसे किसान को रेस्पॉंसिबल मानते हैं, आप कैसे किसान को इसके लिए जिम्मेदार मानेंगे? यह जिम्मेदारी प्रशासन की है, शासन की है, सरकार की है कि उन्होंने प्रक्योरमेंट क्यों नहीं किया। उस किसान ने आपको 640 रुपए पर क्विंटल अनाज देने के लिए मना नहीं किया। आपकी मशीनरी फेल हो गई क्योंकि उसने प्रक्योरमेंट नही किया। आपकी नीति में गड़बड़ हो गई। आपने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को मौका दे दिया कि जाओ खुले बाजार में और परचेज करो, जिस दाम पर तुमको लेना है, लो। हमने उन पर कोई सीलिंग नहीं लगाई। हमने उन सारी कम्पनीज को एलाऊ कर दिया कि आप मार्केट मे जाइए और परचेज करिए। उन्होंने परचेज किया है। ...**(व्यवधान)**...

श्री संतोष बागड़ोदिया (राजस्थान): आपकी मेडन स्पीच है इसलिए मैं आपको डिस्टर्ब नहीं करूंगा। ...**(व्यवधान)**... अगर आप मुझे एलाऊ करेंगे तो ...**(व्यवधान)**...

श्री रामदास अग्रवाल : जब मैंने यह बात बोली तब मैंने आपकी तरफ देख लिया था। ...**(व्यवधान)**... मैंने आपकी तरफ देखा था।...**(व्यवधान)**...

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी) : वे बिल्कुल आपके साथ छेड़-छाड़ करेंगे...**(व्यवधान)**...

श्री रामदास अग्रवाल : मुझसे छेड़-छाड़ करने की बात नहीं है, वे नहीं करेंगे क्योंकि वे मेरे बड़े भाई साहब हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री संतोष बागड़ोदिया : आप मेरे बड़े भाई साहब हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री रामदास अग्रवाल : मैंने इसीलिए आपकी तरफ देखा था कि जब मैं यह बात आपके सामने रखूंगा तो आपके मन में प्रश्न खड़ा होगा, जिसका उत्तर भी मैं दूंगा, क्योंकि महोदय, उनके दिमाग में यह बात आ रही है कि यह परचेजिंग राजस्थान में शुरू हुई है।...**(व्यवधान)**...

श्री संतोष बागड़ोदिया : अगर आप मुझे एलाऊ करें तो मैं एक बात पूछूं? ...**(व्यवधान)**... सर, मैं एक सवाल पूछना चाहता हूं, Sir, will you allow me to put a question to him? ...**(व्यवधान)**... मैं केवल एक सवाल यह पूछना चाहता हूं, आप बोल रहे हैं कि प्रोक्योरमेंट नहीं किया, आपने कहा था कि यह मशीनरी फेल हो गई, सरकार फेल हो गई। आप इकोनोमी के बड़े माहिर हैं, इसलिए मैं आप से पूछ रहा हूं कि टोटल क्वांटिटी चाहे सरकार के द्वारा है या प्राइवेट के द्वारा है, इंडिया में जितना प्रोडक्शन हुआ है, वह हिन्दुस्तान के लोगों के ही काम आ रहा है। जो टोटल शार्टेज है, ये प्रक्योर करें या न करें, उसमें क्या फर्क पड़ता है, आप मुझे यह समझा दें।

श्री रामदास अग्रवाल : उपसभापति महोदय, माननीय सांसद महोदय ने जो प्रश्न किया है, उसका उत्तर देने की जिम्मेदारी उनकी है। आपको शायद इस बात का ख्याल होगा कि मैं कभी उधर भी रहा हूं, कभी इधर भी रहा हूं, मैं इधर-उधर भटकता रहा हूं, पर अब ऐसी कोई बात नहीं है। आज मैं आपके सामने बैठा हूं, लेकिन इसका उत्तर माननीय मंत्री जी देंगे। मैं आपके सामने एक प्रश्न रखना चाहता हूं ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति जी, मैं गेहूं की खरीद के मामले में एक और तथ्य सामने रखूंगा। जैसे मैंने price के बारे में तथ्य रखा कि वर्ष 2001 से लेकर 2006 तक केवल 6 परसेंट की बढ़ोत्तरी हुई है, जब कि The cost of living for everyone has increased more than 40 per cent or 50 per cent. किसान का जो उत्पाद है, उसका मूल्य केवल 6 परसेंट बढ़ा है। यहां बैठे हुए लोगों में से बहुत सारे लोग किसान हैं, मैं तो नही हूं, लेकिन मुझे किसान के उत्पाद पर तरस आता है। मान लीजिए मैं अपनी फैक्टरी में सीमेंट का उत्पादन करता हूं, अभी सीमेंट की बड़ी चर्चा थी कि सीमेंट पहले 100 रुपए बस्ता बिकता था और अब 180 रुपए बस्ता बिक रहा है। यानी सीमेंट का दाम 80 रुपए बढ़ गया है, यानी 80 परसेंट से ज्यादा, लेकिन यहां किसान का जो उत्पाद है, उस पर केवल 6 परसेंट की बढ़ोत्तरी देकर, हम सब लोग अपनी पीठ थपथपाते हैं कि हमने किसान के लिए कितना बड़ा काम कर दिया।

[उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र) पीठासीन हुए।]

कितना बड़ा काम आपने कर दिया, मुझे यह तथ्य देखकर आश्चर्य होता है। दूसरा तथ्य देखकर भी मुझे आश्चर्य होता है कि वर्ष 1996-97 में, मुझे लगता है कि उस समय शायद आप ही की सरकार रही होगी, उस समय -33 परसेंट purchases कम हुई थीं। procurement के माध्यम से जितनी purchases होनी चाहिए थीं, उसमें फिगर -33 परसेंट गई थी और ज्यादा purchases नहीं हुई थीं। फिर 1997,1998, 1999, 2000 में हम सरकार में थे, इसलिए कोई माईनस फिगर नही है, बल्कि 1998-99 में +36 परसेंट purchases थीं,

उसके बाद 11 परसेंट purchases ज्यादा थीं, फिर 2001 में 26 परसेंट procurement ज्यादा थी। जब ज्यादा procurement कर ली गई थी, ज्यादा procurement हो रही थी, तो फिर क्या कारण था कि वर्ष 2005-06 में आपने -11 परसेंट procurement किया है, क्यों? आप भी 30 परसेंट ज्यादा procurement कर सकते थे, आप भी 25 परसेंट ज्यादा procurement कर सकते थे, किसान ने आपको red card नहीं दिखा दिया था कि - "Get out from here, we are not selling to you". मैं आलोचना के हिसाब से नहीं कह रहा हूं, मैं आपके सामने ये तथ्य इसलिए रखना चाहता हूं कि हमारी sympathy किसान के साथ है, हमारी sympathy उन लोगों के साथ है, जो लोग गरीब हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि सांसदों की तनख्वाहें बढ़ती हैं, कर्मचारियों की तनख्वाहें बढ़ती हैं, जो organised sector में हैं, उनके लिए सब प्रकार के साधन और सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन unorganised sector में काम करने वाला किसान और मजदूर, उसके लिए क्या है? हम सब लोग जो राजनीति के क्षेत्र में काम करते हैं, वे जानते हैं कि उसको तो minimum wages तक नहीं मिल पाती हैं। उस किसान के साथ किस प्रकार का अन्याय और बर्बरता हो रही है, यह मैं आपके सामने रखना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हम सबको पैसा बांट रहे हैं, हम सबको पैसा दे रहे हैं, चाहे वह किसी को दें, मैं उसमें ऐतराज़ नहीं कर रहा हूं, चाहे वह कर्मचारी हो, चाहे वह संगठित क्षेत्र का मजदूर हो, चाहे बैंक का कर्मचारी हो, चाहे किसी और क्षेत्र का कर्मचारी हो, हम दिल खोलकर प्राइस इंडेक्स के आधार पर उनको पैसा देते हैं, लेकिन जब किसान को देने का सवाल आता है, तो सरकार के खजाने पर ताला लग जाता है। हमने उसके उत्पाद की पर्याप्त कीमत उसको नहीं दी और उसी का परिणाम है कि आज ये जो घटनाएं आप सबने गिनाई, आप स्वयं अभी बोल रहे थे कि किस प्रकार से किसान अपने बच्चों को बेच रहा है, अभी आपने कहा कि किस प्रकार से आत्महत्याएं हो रही हैं। हम किसान की दयनीय हालत पर आंसू बहाते हैं, लेकिन करते क्या हैं, यह मुझे समझ में नहीं आता है। Procurement price पर भी आप procure नहीं कर पाते हैं, आप उसको, उसके उत्पाद की अच्छी कीमत नहीं दे पाते हैं, आप उसको सही समय पर सस्ते दामों पर बीज और खाद उपलब्ध नहीं करा सकते, आप उसको 8 घंटे पानी नहीं दे सकते, आप उसको सस्ता डीज़ल नहीं दे सकते, फिर आप क्या करते हैं? अगर सारे पैरामीटर्स वही हैं, उसको कोई चीज़ सस्ती नहीं मिलेगी, उसको दाल और सब्जी सस्ती नहीं मिलेगी, उसको जाने-आने का भाड़ा सस्ता नहीं मिलेगा, वे सारे पैरामीटर्स वही हैं, जो एक कर्मचारी के लिए है, जो एक अफसर के लिए है या एक दूसरे नागरिक के लिए है। लेकिन जब उस किसान के उत्पाद का सवाल आता है, तो हम मुट्ठी भींच लेते हैं। हम उनको मुट्ठी खोल कर पैसा नहीं देते हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं सीधी-सीधी बात कहना चाहता हूँ, मैं इसमें राजनीति नहीं घुसाना चाहता, क्योंकि यह सवाल हमारे देश के 60 प्रतिशत, 70 प्रतिशत लोगों का है। इसमें राजनीति करने से क्या लाभ होगा! वोट आपको भी चाहिए, वोट हमको भी चाहिए। आपने भी उनको सुविधाएँ दी हैं, हमने भी उनको सुविधाएँ दी हैं। लेकिन आज तक किसान की तरक्की नहीं हो पाई। आज भी बिलो-पोवर्टी लाइन के नीचे देश के 25-30 परसेंट लोग, जो भी आपकी स्टैटिस्टिक्स हो, रह रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इसलिए मैं आपसे इन तथ्यों के साथ एक दूसरी बात कहना चाहता हूँ, वह गेहूँ के आयात के बारे में है, क्योंकि यह एक ज्वलंत विषय बन गया है। मुझे इस बात की खुशी है, शायद हमारे कांग्रेस के मित्रों को भी इस बात की खुशी होगी कि कम-से-कम

कांग्रेस प्रेसिडेंट ने भी इसके बारे में अपना ध्यान बँटाया। उनको धन्यवाद है। वे पार्टी की नीति-रीति की निर्धारक हैं। बहुत अच्छी बात है कि उन्होंने भी यह बात कही है कि देश के किसानों को उसके उत्पाद की कीमत मिलनी चाहिए। मैं आपको बता देता हूँ, अगर आपने उत्पाद का सही दाम नहीं दिया, तो इस देश में उत्पात होंगे, बहुत हो गया है, हम सबको बाँटते हैं, लेकिन किसान को बाँटने में हम कंजूसी दिखाते हैं, यह अब नहीं चल पाएगा। ये अन-ऑर्गेनाइज्ड हैं, इसलिए इसका फायदा उठाया जा रहा है। ये असंगठित हैं, इसलिए इसका फायदा उठाया जा रहा है। जब किसान और मजदूर, दोनों मिल कर संगठित हो जाएंगे, तो इस देश के अन्दर बाकी लोगों को फायदा बाद में मिलेगा, पहले फायदा किसान को दिया जाएगा। इसलिए मैं चाहता हूँ कि हम उत्पाद का सही दाम उत्पात होने से पहले दें।

उपसभाध्यक्ष महोदय, गेहूँ के आयात की बात चल रही है। अब मुझे बताया गया, मुझे पूरी जानकारी नहीं है कि 5 लाख टन से बात शुरू हुई थी और हनुमान जी की पूँछ की तरह यह 50 लाख टन तक पहुँच गई है। अभी भी हमको मालूम नहीं है कि 5 लाख टन से 50 लाख टन हो सकता है, तो यह 50 लाख से कितना ज्यादा होगा। आपने कहीं तो कैप लगाया होगा, कहीं तो आपने सोचा होगा कि अब नहीं करेंगे। 5 से 50 कैसे हो गया? क्या सरकार के जितने अंकेक्षण करने वाले, स्टैटिस्टिक्स रखने वाले लोग हैं, क्या हमें उनकी बुद्धिमत्ता पर तरस नहीं आएगा कि क्या वे अनुमान नहीं कर सकते थे कि अगर हमने 25 लाख टन कम प्रोक्योरमेंट किया है, तो हमें 25 लाख टन तो चाहिए ही। बिलो-पॉवर्टी लाइन के राशन कार्ड वालों को अनाज देने के लिए इतना अनाज तो चाहिए ही, लेकिन हमें कहा गया कि केवल 5 लाख टन मंगा रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे इस बात का अफसोस है कि जिस 5 लाख टन का ऑर्डर फरवरी में गया था, जिसका ऑर्डर मार्च में कंफर्म हो गया था, वह अभी तक भारत के तट पर नहीं आया है। वह क्यों नहीं आया है, इसका कारण अखबारों में आया है। माननीय मंत्री महोदय आपके माध्यम से बताएंगे कि इसका वास्तविक कारण क्या है। जो अखबारों में आया है, वह चर्चा बनी और यह खेदजनक है। अखबारों में तीन बातों का स्पष्टीकरण आया है कि जहाज आस्ट्रेलिया में रोक दिया गया है, क्योंकि जो क्वालिटी हमारे देश में आनी चाहिए थी या जो स्पेसिफिकेशंस सरकार ने दिए थे, उन स्पेसिफिकेशंस के मुताबिक वह गेहूँ नहीं है। उपसभाध्यक्ष महोदय, फिर इसके बाद देश में आकर उसकी कीमत क्या पड़ेगी? 44 रुपया 65 पैसा पर डालर के हिसाब से कैलकुलेशन किया गया था, लेकिन आज देश के अन्दर डालर का दाम 45 रुपया 50 पैसा है। उस हिसाब से यह अनुमान लगाया गया था कि हमारे देश में आकर इसका दाम 800 रुपया पर क्विंटल पड़ेगा। उपसभाध्यक्ष महोदय, किसान को 640 रुपया दिया जा रहा है और विदेश से आया हुआ गेहूँ 840 रुपया पड़ेगा, 840 रुपए से ज्यादा पड़ेगा। मेरी समझ में यह नहीं आता कि यह क्यों हो रहा है? अगर आप अभी भी मार्केट में जाकर गेहूँ तलाशेंगे, तो इस रेट के ऊपर आपको गेहूँ मिल सकता है। लेकिन आप ऐसा क्यों नहीं चाहते, मुझे नहीं मालूम। क्योंकि मैं इस सरकार के बारे में अभी तो यह नहीं कह सकता, लेकिन मुझे यह बात मालूम है कि जब पहले इन्हीं की एक दूसरी सरकार थी, ये इम्पोर्ट करने में बड़े एक्सपर्ट हैं, इन्हें इम्पोर्ट करने में एक्सपरटाइज है, इन्होंने गरीब किसानों के लिए यूरिया इम्पोर्ट करने का फैसला किया था। महोदय, 133 करोड़ रुपए का यूरिया भारत के किसानों को उन के उत्पादन में सहायता देने के लिए खरीदा गया था। उपसभाध्यक्ष महोदय, सभी को मालूम है,

4.00 P.M.

वह 133 करोड़ रुपए की एल0सी0 खुल गयी। उस का पेमेंट हो गया, उस का कोई शिपमेंट नहीं हुआ और एक टन माल इस देश मे नहीं आया। इसलिए मैं इस सरकार को रिमाइंड करा रहा हूं, मैं किसी के ऊपर लांछन नही लगाता, लेकिन आप के यहां कई एक्सपर्ट बैठे हैं जो इस प्रकार के घपले कर सकते हैं। अगर 5 लाख टन में 400 करोड़ रुपए का फॉरेन एक्सचेंज खर्च हो रहा है तो 50 लाख टन में कितना फॉरेन एक्सचेंज खर्च होगा? यह 20 हजार करोड़ रुपया खर्च होगा। यह 20 हजार करोड़ रुपए की डील होगी। इस में कहां क्या घपला हो सकता है, इस की जानकारी इस देश को चाहिए। आप क्यों इतनी ऊंची कॉस्ट पर गेहूं खरीदना चाहते हैं, यह अभी तक हम लोगों के दिमाग मे नहीं आ रहा है? Why do we want to spend our valuable foreign exchange for this purpose? Just for nothing. इस का बेनेफिट भारत के किसान को नही, भारत के उपभोक्ता को नही और भारत के किसी व्यक्ति को नहीं वरन् वहां जो व्यक्ति हैं, वहां पर जो कंपनीज हैं, केवल उन को लाभ होगा। उपसभाध्यक्ष महोदय, हम दूसरों के लाभ के लिए भारत की कमाई का पैसा क्यो दें? यह एक सीधी सी बात है। अब यह सरकार जवाब दे कि उन को यह ज्यादा पसंद है या हमारे देश के किसान को मदद देकर उन की क्रय-शक्ति, उन के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए वह ज्यादा खर्च करे या फिर विदेशी लोगों को ज्यादा पैसा दे?

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस संबंध मे मेरी हमारे कृषि मंत्री जी व केन्द्र सरकार से तीन मांगें हैं। पहली बात, यह तय करिए कि आप को कितना टन गेहूं इम्पोर्ट करना है? यह स्पष्ट होना चाहिए कि इस वर्ष के लिए आप को कितना टन अनाज चाहिए? दूसरी बात, आप जो खरीद कर रहे हैं, वह बाकाया स्पेसीफिकेशन के द्वारा हो और ऐसा माल जो कि देश के लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक नही होगा, क्या इस बात की आप गारंटी करेंगे? तीसरी बात इस प्रकार की खरीद के घोटालों में कोई ऐसा गड़बड़झाला नहीं होगा जिस से कि देश को फिर नीचे देखना पड़ेगा, जैसा कि यूरिया कांड में देखना पड़ा? और चौथा प्रश्न यह है कि मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार अपनी नीति पर पुनः विचार करे। सरकार बहुराष्ट्रीय कंपनी या बड़े कॉर्पोरेट जगत से गेहूं खरीदने की इस नीति पर फिर से विचार करे। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह साफ निवेदन करना चाहता हूं क्योंकि बहुत से लोगों को जानता हूं जो कि कॉर्पोरेट सेक्टर मे काम करते हैं। मैं सरकार को बता देना चाहता हूं कि सरकार मेरी इस चेतावनी को समझे। मैं उन को कह देना चाहता हूं कि अगला वर्ष आप के लिए और भी खतरनाक होगा जब कि हर मंडी में कॉर्पोरेट जगत पहुंचेगा। फिर यह अनाज देने वाला किसान आप के दरवाजे पर नहीं आएगा। आप को उस के खेत-खेत, दरवाजे-दरवाजे जाकर माल पर्चेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा क्योंकि वे तो सौ रुपया क्विंटल ज्यादा दे देंगे। उन का क्या बिगड़ने वाला है? उन को तो बाद में ही बेचना है। वे स्टॉक कर सकते हैं। उन को बफर स्टॉक की जरूरत नहीं है। उन को तो जनता का हित नही सोचना है। उन का अपना प्रोफिट का मोटिव है और वे उसे पूरा करेंगे। तो आप उन के साथ कैसे कॉम्पीट करेंगे, सरकार कम-से-कम इस बात की नीति निर्धारित करे। उन के साथ आप को पर्चेज में कम्पीट करना है। आप 640 रुपए के भाव में खरीदेंगे और वह 740 रुपए में खरीदेगा, तो आप के पास कौन आएगा? फिर आप का प्रोक्योरमेंट कम होगा और आप फिर इम्पोर्ट करेंगे और पता नही उस में कितना समय लगेगा। मैं यह सरकार को बड़े सीधे तरीके से समझाना चाहता हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे सरकार के

लोगों पर कई बार दया आती है। उन्होंने कहा है कि अनाज कम आया है, इसलिए हम बी0पी0एल0 में राशन का कोटा कम कर देंगे। यह आप ने बड़ा अच्छा समाधान निकाला। यह कोई समाधान है? उस गरीब आदमी का राशन तो पहले ही कम है और आप उसे और कम करने की योजना बना रहे हैं। मुझे नहीं मालूम कि राज्यों में और सब जगहों पर आप इस का डिस्ट्रीब्यूशन किस प्रकार करेंगे? वहां समय पर गेहूं कैसे पहुंचेगा? मंत्री महोदय, लोगों को दोनों टाइम खाना तो चाहिए। आज आप के पास अनाज नहीं है और परसों आप मुझे अनाज देंगे तो मैं दो दिन भूखा रहूंगा? उपसभाध्यक्ष महोदय, इस के लिए सरकार को एडवांस व्यवस्था करनी पड़ती है? अगर सरकार खाने-पीने के सामान की एडवांस व्यवस्था नहीं कर सकती तो वह सरकार अपना दायित्व निभाने में कमजोर मानी जाती है।

बस, मैं अन्तिम बात कह कर खत्म कर रहा हूँ। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका ज्यादा समय नहीं लूँगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं अंत में कृषि मंत्री जी से कहना चाहूँगा कि आप स्वयं बहुत अनुभवी हैं और आपके मन में निश्चित रूप से किसानों के प्रति दर्द होगा। मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप आयात के पचड़े में न पड़ें। आप भारत के किसानों को किस प्रकार से अभिवृद्धि की ओर ले जाने का काम कर सकते हैं और आप उनको किस प्रकार से आर्थिक सहायता दे सकते हैं- ब्याज के रूप में या कर्जे के रूप में या रेट्स में कन्सैशन के रूप में में, चाहे वह डीजल हो या पेट्रोल, बिजली, पानी, खाद या बीज हो, उन सारे मामलों में आप उनकी मदद कैसे कर सकते हैं, क्योंकि वह समय आ रहा है, जब अकाल पड़ सकता है, कम वृष्टि हो सकती है और लोगों की परेशानियाँ बढ़ सकती हैं? इसलिए आप जल्दी-से-जल्दी ऐसी व्यवस्था करने का प्रयास करें, ताकि हमारे देश के वासियों को, इन सारे प्रकार के पचड़ों में, जिनमें सरकार समर्थ नहीं हो पा रही है, सरकार सफल नहीं हो रही है, किसानों को निराश नहीं किया जाए। मै यही कहता हुआ अपनी बात समाप्त करता हूँ। आपने मुझे जो अवसर दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRIMATI N. P. DURGA (Andhra Pradesh): Thank you, Sir, for allowing me to speak on this very important issue of wheat import decision taken by the UPA Government. The speed with which the Government is rushing for import of wheat to southern ports indicates that there is something fishy in the whole process. On the one hand, the Government is saying that the wheat stocks are depleting and to replenish the same it is importing wheat. But on the other hand, Sir, if you look at the total wheat production this year, it is going to touch 74 million tonnes against the earlier expectation of 73 million tonnes and the procurement figures indicate that it is going to procure about 16 million tonnes against the expected target of 16.3 million tonnes. And, the Government says that the official grain stocks have dropped by 2 million tonnes against the buffer-stocking norms of 4 million tonnes. But, is it not true that, as of February end, there were 47 lakh tonnes of wheat stocks in various godowns? So, if you calculate the whole thing, there is a shortfall of about 2 million tonnes, whereas the

Government wanted to procure 3.5 million tonnes *i.e.*, 15 lakh million tonnes of more wheat. I would like to know from the hon. Minister the reasons for procuring an additional 1.5 million tonnes. This is my first point.

The second point I want to make is about the quality norms. I would like to know from the hon. Minister whether it is true that the quality norms have significantly been relaxed for import of wheat. This becomes clear if you look at the norms set by the STC to procure wheat when compared to its previous tender floated on February 20, 2006, through which you had imported five lakh tonnes of wheat from Australia. So, I would like to know from the hon. Minister whether it is not true that the February tender specifically says that the imported wheat would be free from moulds. But, if you look at the Tender issued in May, there is no mention of moulds. That means, wheat can be procured even if there are moulds. What are the reasons for exempting this? I would also like to know as to what are the reasons for allowing dwarf bunt and ergot fungi pathogens to the extent of 0.005% and 0.01% in the proposed import of wheat whereas you had not allowed the same in February tender. And, same is the case in respect of allowing the moisture content. Now, you are allowing 13.5% moisture content, whereas, you had allowed only 12% in February and that too by paying a higher rate. What are the reasons for increasing the moisture content this time?

The next point I would like to know from the hon. Minister is: What compelled the Government to import wheat at Rs. 9500 per tonne whereas the Government is procuring the same from Indian farmers at Rs. 6500 per tonne, of course, with Rs. 500 additional incentive. What problems the Ministry is facing in the procurement of wheat from our farmers at the rate of Rs. 7,000 per tonne? What are the reasons for importing wheat when the new harvest has already started hitting the markets and this year is expected to get a bumper crop?

Sir, these are some of the points on which I wish to seek clarifications from the hon. Minister. I request him to specifically respond to these queries while replying to the debate.

श्री राम नारायण साहू (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत ज्यादा न बोलूंगा। क्योंकि हमारे विद्वान साथी इतना ज्यादा बोल चुके हैं, इतनी ज्यादा डिटेल में जाकर बोल चुके हैं, इसलिए कुछ मोटी-मोटी बातें आपके सामने रखूंगा। मैंने 5 जुलाई, 2004 को यहां राज्य सभा में सांसद के रूप में शपथ ली थी और तब से देख रहा हूँ कि तीन बार इस विषय पर चर्चा हो चुकी है। हर साल यही चर्चा होती है और यही बात होती है, यह बताया जाता है कि

हजारों किसान कर्ज से मरे जा रहे हैं, इस प्रदेश में इतने किसान मरे, उस प्रदेश में इतने किसान मरे। मेरी समझ में नही आ रहा है कि सरकार इसको इतनी गंभीरता से क्यों नहीं ले रही है? ये हमारे देश के किसान हैं, जो अपनी मेहनत और पसीने से हमारे लिए अनाज पैदा करते हैं, जिससे हम अपने और अपने बच्चों का पेट भरते हैं और हमारे देशवासी अपना पेट भरते हैं। अगर किसान अनाज न पैदा करे और आदमी एक दिन, दो दिन खाना न खाए, तो उसे चक्कर आने लगेगा। दुनिया की तमाम चीजों के ऊपर हम ध्यान दे रहे हैं, लेकिन इस चीज के ऊपर हम ध्यान क्यों नहीं दे पा रहे हैं कि आखिर किसान आत्महत्याएं क्यों कर रहे हैं? दरअसल यह सरकार की गलत नीतियों के कारण हो रहा है। हम किसानों को तो ऋण देते हैं 12 परसेंट पर, मगर कार खरीदने वालों को कितने परसेंट पर आप लोन देते हैं? आप इसी से समझ लीजिए कि क्या स्थिति है? क्या कार खरीदना हमारे लिए अन्न से ज्यादा जरूरी है? पहले हम पेट भरेंगे, फिर कार को चलाएंगे। यह जो समस्या हमारे सामने आई है, यह कोई अचानक तो नही आई है, जैसे सुनामी की बाढ़ अचानक हो गई और माना कि उसको कंट्रोल करने में समय लगेगा। यह तो बराबर पिछले समय से सुन रहा हूँ कि किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं। जब पहली बार मैंने आप विद्वान लोगों के माध्यम से सुना था, तो मुझे बड़ा ताज्जुब हुआ था और इसका पता चला था।

महोदय, अभी जैसा कि गांधी आजाद जी ने बताया था, इतनी जमीन हमारे यहां पड़ी हुई है, जिसका कोई इस्तेमाल ही नहीं हो रहा है। इसके ऊपर ध्यान दिया जाना चाहिए और उस जमीन का सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए। हमारे बड़े-बड़े वैज्ञानिक हैं, आपको रास्ता बता सकते हैं। सारी दुनिया मे इस पर काम हो रहा है और आजकल तो रेगिस्तानों में भी जंगल में मंगल जैसा हो रहा है। हमारे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने नारा दिया था - "जय जवान, जय किसान"। इसमें उन्होंने दो बातें कही थीं कि हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित रहें और हमको भरपेट खाना मिले, ये दोनों चीजें हमारे लिए बहुत जरूरी हैं। इसमें पहली बात हमारे सम्मान से जुड़ी है और दूसरी हमारी जिंदगी चलाने के लिए जरूरी है। किसानों के लिए अच्छी योजनाएं क्यों नही बनाई जा रही हैं? कई कमेटियां बैठा दी जाती हैं, मगर यह भी पता नहीं चलता कि तीसरे साल या आज से दो साल पहले जो आत्महत्याएं हुई थीं, उससे आज कुछ कमी आई है।

महोदय, यह तो बहुत ही बच्चों जैसी, नासमझी वाली बात है कि हम दूसरे देशों से तो महंगा गेहूं खरीद रहे हैं और अपने लोगों से कह रहे हैं कि सस्ता दो। जब किसान को अपनी लागत ही पूरी नही मिलेगी, तो वे क्यो उपज पैदा करेंगे? क्यों वे खेती-किसानी करेंगे? यह बहुत गंभीर बात है और इसको बहुत ही सीरियसली लेना चाहिए। अगर नहीं लिया गया, तो आने वाले समय के अंदर क्या होगा, यह बात आप समझ लीजिए। हमारे देश में एक समय ऐसा आया था कि वर्ष 1964,65,66 की बात है, जब एकदम पूरे भारत देश के अंदर अन्न की दिक्कत आई थी और जब पता चलता था कि अगर कही ट्रक से अनाज एक राज्य से दूसरे राज्य में जा रहा है, तो लोग उसे लूट लिया करते थे और जो सस्ते गल्ले की दुकानें होती थीं वहां लोग सबेरे तीन बजे से लाइन में लग जाते थे। तो जिस तरह से यह काम हो रहा है, मुझे लगता है कि फिर से वही परिस्थितियां आ रही हैं और किसान हमारे अलग मर रहे हैं। तो हम कुछ ऐसी योजनाएं बनाएं जिनसे हमारी बेकार पड़ी जमीनों का इस्तेमाल हो, बेकारों को उसमें काम मिले,

वे लोग वहां जाकर काम करें, हमें बाहर से गेहूं न मंगाना पड़े और यदि हम अच्छी नीतियां बनाकर, अच्छी प्लानिंग से इस काम को करेंगे तो इसमें सफलता कोई बड़ी बात नहीं है।

मैं कहना चाहूंगा कि आप उनसे 12 परसैंट ब्याज लेते हैं, उनसे 4 परसैंट क्यों नहीं लेते, उनसे आप 4 परसैंट ब्याज लीजिए और जितना उनके ऊपर कर्जा है, सारा कर्जा उनका राइट आफ कर दीजिए, तब उनके साथ सही न्याय होगा। किसानों ने देश की बड़ी सेवा की है, किसान हमारे हर काम में भागीदार रहे हैं, चाहे वह आजादी की लड़ाई हो या कोई और काम, हर मौके पर किसानों ने देश के लिए काम किया है और पूरे देश को खिलाया है।

इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करुंगा कि इस बारे में अच्छी योजनाएं बनें, जिनसे सारे लोगों को लाभ मिले। बाहर के लोग भी हंसते होंगे हमारी नीति पर -- हम अपने किसान को तो कम दाम देते हैं, लेकिन बाहर से महंगा खरीदते हैं! यह क्या बाहर के लोगों को पता नहीं चलता होगा? पता चलता होगा, रिपोर्ट वगैरह जाती है, तो यह हमारे देश के लिए अच्छी बात नहीं है। वे लोग क्या सोचते होंगे? हम लोग बातें तो इतनी करते हैं कि हमारे पास इतना फॉरेन एक्सचेंज है, हम लोग इतनी तरक्की करेंगे, ये करेंगे, वे करेंगे, लेकिन जो मूल समस्या है, उस पर हम ध्यान नहीं देते हैं। जब पेट ही नहीं भरेगा, तो दिमाग कहां से काम करेगा? जान देना बहुत मुश्किल बात है, यह कोई आसान बात नहीं है कि हर आदमी जाकर जान दे दे। जो जान देता होगा, उस समय उसकी मानसिक स्थिति क्या होती होगी, इसे समझा जा सकता है।

उपसभापति महोदय, मैं ज्यादा नहीं बोलना चाहता। मैं अपने मंत्री जी से फिर अपील करुंगा, निवेदन करुंगा कि वे इसका कोई ऐसा हल निकालें जिससे कि इस बारे में जो हर साल चर्चाएं होती हैं, आत्महत्या के बारे में, वे बंद हों, उसका कोई हल निकले क्योंकि उससे केवल हम ही नहीं, सभी लोग दुखी होते हैं और मंत्री जी भी दुखी होते होंगे। आखिर क्या बात है कि इस पर योजना नहीं बन पा रही, इम्प्लिमेंटेशन नहीं हो पा रहा? दुनिया की हर चीज पर तो हम सफलता प्राप्त करते जा रहे हैं, लेकिन एक यही चीज ऐसी है, जिससे सबका पेट भरता है और जीवन चलता है, जिस पर हमें सफलता नहीं मिल पा रही और अगर इस पर हमको सफलता नहीं मिलती है, तो फिर दूसरी सारी सफलताएं बेकार हैं। धन्यवाद।

SHRI SHARAD ANANTRAO JOSHI (Maharashtra): Thank you very much, Mr. Vice-Chairman, Sir, I am sorry I could not follow the whole debate because from 3 o'clock, we had a meeting of the Standing Advisory Committee where we had to finalise a report and I had to leave the House for that purpose. But, since I came, I have heard some speeches and, I think, I have generally followed the trend of the discussion that has taken place here.

The situation, Mr. Vice-Chairman, Sir, is extremely grave. I feel like howling and crying out when I read reports of 7-10 farmers committing suicide everyday in the region of Vidarbha itself. But howling and crying and histrionics and making speeches with raised voices does not yield the result or any solution. What is necessary is to sit down coolly, make an analysis of

the situation, diagnose the disease and find a proper remedy. As far as the farmers' suicides are concerned, I think, I have in this House spoken at least a dozen times on this subject. But the subject has come up again. By now there is a general broad agreement on the real cause of the farmers' suicides. In the early reports prepared by the experts it was said that suicides always take place because of a complex of various factors. It is never a single factor that results in suicides. It was said that farmers who commit suicide have some addiction, they possibly have some illnesses, diseases that make them despair of the life. But finally everybody came to the conclusion that the most proximate cause of all suicides was the fact that the farmers were heavily in debt and there was a pressure brought from the creditors who might be a private moneylender or more often a cooperative credit society and that they use methods of recovery, which are humiliating, insulting and that resulted in loss of prestige to the farmers for whom living in dignity in that village is a very important consideration. So, the final stage, the penultimate stage is the humiliation heaped on the farmers because of the kind of recoveries that were being imposed by the creditors. Why did it come to this stage? The reasons are very clear. It was C. Subramanium who pointed out for the first time that Indian agriculture was a losing proposition because the farmers did not get the prices that would cover their cost of production. This was a diagnosis made by C. Subramanium himself. The farmers movements in the last 20 years have been giving enough evidence of this, and I would say today that except for a few enlightened farmers, who apart from agriculture also do some processing, also do some exporting or have some kind of an associated activity with agriculture, and are possibly able to meet their expenses, agriculture *per se*, agriculture by itself, is necessarily a losing proposition. In fact in the movements, Sir, we do tell the farmers, "Do not be shy of admitting that you are in debt. If you are in debt, it only means that you are honest. It is only a dishonest farmer who can be without debt. All honest farmers are in trouble today in this country." Why did this happen, I do not want to go into all the controversies. The matter is very clear. We know and it has been admitted by the Minister for Commerce, it has been admitted by the Minister for Agriculture that even today the Indian agriculture is working under conditions of negative aggregate measure of support which in common parlance means that the farmer in India gets much lesser price than he would have got in a market where there was no intervention by the Government - in a hypothetically free market. In all the countries like Japan, Europe and USA the farmers get much more than

what they would have got in a free market. In India farmers get much less than they would have got in a free market because of the various restrictive policies including the Essential Commodities Act imposed by the Government, the various bans on exports, dumping operations carried out, as is being carried out right now, we purchase wheat at a higher price and bring it in our market and dispose it of at a lower price. We have restrictions on the movement of agricultural commodities from one State to another, from one district to another. We have restrictions on the processing, we have restrictions on the storage and all this results in the fact that the farmers are never able to recover the cost of production even in years when the nature is favourable and the crops are good. Now you will get a clue as to why is it that the cotton producing farmers have a greater incidence of suicides than, for example, the sugarcane producing farmers. It is not that the sugarcane producing farmers are more brave, it is not that the cotton producing farmers are cowards. The fact is, and you will see it in the statement that was submitted by Pranab Mukherjeeji as Minister of Commerce to the WTO, that in 1986-1989, cotton had a negative subsidy co-efficient of 110 per cent which meant that if the cost of production of cotton was Rs. 210, the farmers were not able to get more than Rs.100. That was the position of cotton. On the other hand, in the case of sugarcane there was a positive AMS, *i.e.* if the cost of production was Rs. 100, the sugarcane producers were able to get about Rs. 108. Sir, that is the reason why the cotton-producing farmers have a greater incidence of suicides. Before I left, I heard some analysis of what kind of farmers commit suicide and I would like to make some things very clear. There is very little incidence of suicides amongst farmers who do not own any land. The landless labourers don't commit suicides because they are better off in today's situation than the land-holding farmers. The land-holding farmers, incur the risk of natural calamities and of Governmental interventions, while the landless labourers who earn only wages, but they are fixed wages and nothing is cut from that. There is no incidence of suicides amongst the landless farmers. The suiciding farmer essentially is a land holding farmer and you will find that, in fact, there were farmers who had 25 to 30 acres of land who commit suicide and who also go on Employment Guarantee Scheme work in order to find a livelihood. There is no pattern about the land holding, there is no pattern about the caste, there is no pattern about the age. It is simply that the farmers are not able to repay their loans and are unable to withstand the humiliation involved. Sir, the remedy is going to be, and, I think, the UPA Government is making a

